वर्ष-02, अंक-04

छपरा

9 नवंबर शनिवार

2024

पृष्ठ - 04

दैनिक खोजखबर

खबरों की सच्चाई से रू-ब-रू

E-mail : dainikkhojkhabar@gmail.com

E-Paper

website : www.dainikkhojkhabar.live

## देश की अखंडता की रक्षा करना हर नागरिक का कर्तव्य

### मणिपुर के सीएम बोले-भारत की अखंडता को कोई छू नहीं सकता

**इंफाल (एजेंसी)।** मणिपुर के मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह ने गुरुवार को कहा कि देश की अखंडता की रक्षा करना हर नागरिक का कर्तव्य है और राज्य की संप्रभुता को कोई चुनौती नहीं दे सकता। उनकी यह टिप्पणी मिजोरम के मुख्यमंत्री लालदुहोमा द्वारा सितंबर में अमेरिका में दिए गए एक बयान पर प्रतिक्रिया स्वरूप आई है। लालदुहोमा ने अमेरिका में कुकी-जो समुदाय की एक सभा में कहा था कि ज़ो समुदाय को एक नेतृत्व के अंतर्गत एकजुट होना चाहिए, भले ही इसके लिए राष्ट्रीय सीमाओं को पार करना पड़े। जो शब्द उत्तर-पूर्व के विभिन्न जातीय समूहों, बांग्लादेश के चिटगांव हिल ट्रैक्ट्स और म्यांमार के चिन राज्य में रहने वाले लोगों को सांस्कृतिक और भाषाई संबंधों के आधार पर एकजुट करता है। इस पर प्रतिक्रिया देते हुए एन बीरेन सिंह ने कहा, मैं किसी के निजी विचारों पर टिप्पणी नहीं करना चाहता, लेकिन मेरी स्थिति स्पष्ट है ङ्क भारत की एकता और अखंडता को बनाए रखना आवश्यक है।

## बांग्लादेश में हिंदुओं पर कहर जारी,फिर भी खामोश है सरकार

**भारत ने यूनुस सरकार को दी सख्त चेतावनी, कड़े कदम उठाने की मांग**

**ढाका (एजेंसी)।** बांग्लादेश के चटगांव में हिंदू समुदाय पर हालिया संगठित हमले से तनाव बढ़ता जा रहा है। इन घटनाओं में बांग्लादेशी पुलिस और सेना पर अत्याचार में शामिल होने के आरोप लगे हैं। सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे वीडियो में हिंदुओं के खिलाफ हिंसा के खौफनाक दृश्य दिखाई दे रहे हैं, जो भारत के लिए चिंता का विषय बन गए हैं। भारत सरकार ने इस घटना पर सख्त प्रतिक्रिया दी है और बांग्लादेश सरकार से हिंदुओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए कड़े कदम उठाने की मांग की है। गुरुवार को भारतीय विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने इन हमलों की कड़ी निंदा की और कहा कि सोशल मीडिया पर भड़काऊ पोस्टों के चलते ये हिंसा भड़की। उन्होंने बांग्लादेश में चरमपंथियों पर सख्त कार्रवाई की अपील करते हुए मांग की कि हिंदू समुदाय की सुरक्षा सुनिश्चित की जाए। चटगांव के हजारी गली इलाके में 5 नवंबर को सोशल मीडिया पर पोस्ट की गई एक विवादित टिप्पणी के बाद तनाव बढ़ा। जमात-ए-इस्लामी के सदस्य उस्मान अली द्वारा हिंदू धर्म और इस्कॉन पर अपमानजनक टिप्पणी पोस्ट की गई, जिससे हिंदू समुदाय में आक्रोश फैल गया। जब हिंदू समुदाय ने इस टिप्पणी के खिलाफ प्रदर्शन किया, तो पुलिस और सेना ने उन पर कार्रवाई की। इस दौरान कई हिंदू लोगों को गंभीर रूप से घायल कर दिया गया, और 49 लोगों को गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने करीब 582 लोगों के खिलाफ मामला भी दर्ज किया है। प्रसिद्ध बांग्लादेशी लेखिका तसलीमा नसरीन ने सोशल मीडिया पर एक वीडियो साझा किया, जिसमें पुलिस और सुरक्षाबलों को प्रदर्शनकारियों पर लाठियां बरसाते और गोलियां चलाते देखा जा सकता है। स्थानीय मीडिया के अनुसार, सुरक्षा बलों ने इलाके में लगे सीसीटीवी कैमरों को भी तोड़ दिया, जिससे हिंसा के सबूत जुटाना मुश्किल हो गया।

**बाबा सिद्दीकी मर्डर केस**

## पुलिस का दावा- आरोपियों को 25 लाख रुपए, कार, फ्लैट और दुबई ट्रिप का वादा किया गया था

**मुंबई ,एजेंसी।** NCP नेता बाबा सिद्दीकी की हत्या के केस में शुक्रवार को नया खुलासा हुआ। पुलिस ने बताया कि मर्डर को अंजाम देने के लिए आरोपियों को कई इनाम देने का वादा किया गया था। गिरफ्तार 18 आरोपियों में से 4 आरोपियों को 25 लाख रुपए कैश, कार, फ्लैट और दुबई ट्रिप प्रॉमिस की गई थी।

टाइम्स ऑफ इंडिया की रिपोर्ट के मुताबिक, साजिश में शामिल रामफूलचंद कनौजिया (43) ने रूपेश मोहोल (22), शिवम कुहड़ (20), करण साल्वे (19) और गौरव अपुने (23) को बाबा सिद्दीकी की हत्या करने के लिए ये इनाम देने का वादा किया था। 12 अक्टूबर की रात को बाबा सिद्दीकी की उनके बेटे जीशान के ऑफिस के बाहर गोली मारकर हत्या कर दी गई थी।

# मोदी बोले-कांग्रेस ने महाराष्ट्र में सावरकर को गाली दी

**मेरा MVA को चैलेंज- कांग्रेस नेताओं से बाल ठाकरे की प्रशंसा करवाकर दिखाएं**



**मुंबई,एजेंसी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव के लिए प्रचार की शुरुआत की। नासिक में उन्होंने कहा कि कांग्रेस के लोग महाराष्ट्र में वीर सावरकर का अपमान करते हैं।

पीएम ने कहा कि देश और महाराष्ट्र की राजनीति में बाला साहब ठाकरे का योगदान अतुलनीय है। लेकिन कांग्रेस नेताओं के मुंह से बाला साहब ठाकरे की प्रशंसा में एक शब्द नहीं निकलता है।

उन्होंने कहा कि मैं महा-विकास अघाड़ी में कांग्रेस के दोस्तों को चुनौती देता हूं कि वे कांग्रेसी नेताओं से बाला साहब ठाकरे और उनकी विचारधारा की प्रशंसा करवाकर दिखाएं।

इससे पहले उन्होंने धुले में 50 मिनट में भाषण में कहा कि एक रहेंगे तो सेफ रहेंगे। पहले वे धर्म के नाम पर लड़ाते थे। इसी के चलते देश का बंटवारा हुआ। अब वे जातियों को लड़ाने का काम कर रहे हैं। ये भारत के खिलाफ साजिश है।

महाराष्ट्र की 288 सीटों में एक फेज में 20 नवंबर को चुनाव होंगे। रिजल्ट 23 नवंबर को आएगा। भाजपा महायुति गठबंधन के साथ चुनाव लड़ रही है। बीजेपी ने 148, शिंदे गुट ने 80, अजित गुट ने 53 उम्मीदवार उतारे हैं।

महाराष्ट्र के लोगों ने दिल खोलकर दिया है महाराष्ट्र से मेरा अपनापन आप सब जानते हैं। महाराष्ट्र से मैंने जब भी कुछ मांगा है, यहां के लोगों ने दिल खोलकर मुझे आशीर्वाद दिया। 2014 के विधानसभा चुनाव में मैं यहां आया था। मैंने आपसे महाराष्ट्र में बीजेपी सरकार के लिए आग्रह किया था। आपने राज्य में 15 साल के सियासी कुचक्र को तोड़कर बीजेपी को जीत दिलाई। आज मैं धुले की धरती से मैं महाराष्ट्र में चुनाव अभियसान की शुरुआत कर रहा हूं।

MVA ने पहले सरकार, फिर जनता को लूटा हम जनता को भगवान मानते हैं, उनकी सेवा करते हैं। कुछ लोग लोगों को लूटने आए हैं। जब लोगों को लूटने की नीयत वाले आते हैं तो हर योजना बंद कर देते हैं।

# राहुल गांधी बोले- नोटबंदी ने MSME को तबाह किया

- 8 साल पहले की तुलना में आज लोगों के पास ज्यादा कैश; जीडीपी का चार्ट शेयर किया



**नई दिल्ली,एजेंसी।** 8 नवंबर 2016 को पीएम मोदी ने देश में नोटबंदी लागू की थी। आज इस घटना को 8 साल पूरे हुए। नोटबंदी की 8वीं वर्षगांठ पर लोकसभा में नेता विपक्ष राहुल गांधी ने केंद्र सरकार पर निशाना साधा। उन्होंने X पोस्ट में कहा- नोटबंदी ने MSME और अनौपचारिक क्षेत्र को तबाह करके एकाधिकार को बढ़ावा दिया है। भारत में आज 8 साल पहले की तुलना में अधिक कैश का यूज हो रहा है। राहुल ने कहा कि अक्षम और गलत इरादे वाली नीतियां जो व्यवसायों के लिए भय का माहौल बनाती हैं, ये भारत की आर्थिक क्षमता को खत्म कर देंगी।

गांधी ने एक चार्ट भी शेयर किया है। जिसमें दिखाता है कि कैसे जनता के पास नकदी 2013-14 में जीडीपी के 11 प्रतिशत से घटकर 2016-17 में 8 प्रतिशत हो गई थी और अब 2020-21 में जीडीपी के 14 प्रतिशत तक बढ़ गई है।

पीएम मोदी ने 8 नवंबर 2016 को नोटबंदी लागू की थी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 8 नवंबर 2016 को देश के नाम संदेश में आधी रात से 500 और 1000 रुपए के पुराने नोट बंद करने का ऐलान किया था। यानी प्रधानमंत्री की घोषणा के 4 घंटे बाद ही ये पुराने नोट चलन से बाहर हो गए थे।इस मामले में केंद्र सरकार ने कहा था कि नोटबंदी का फैसला रिजर्व बैंक के केंद्रीय निदेशक मंडल की सिफारिश पर ही लिया गया था। ये मामला सुप्रीम कोर्ट में भी पहुंचा था। अटॉर्नी जनरल आर वेंकटरमणि ने कहा था कि नोटबंदी सरकार का बिना सोचा-समझा कदम नहीं था, बल्कि आर्थिक नीति का हिस्सा था।

## अगले साल की शुरुआत में भारत आएंगे ट्रंप के दोनों बेटे, ट्रंप टावर परियोजनाओं का करेंगे शुभारंभ

**मुंबई ,एजेंसी।** त्रिबेका डेवलपर्स के संस्थापक कल्पेश मेहता ने शुक्रवार को कहा कि अमेरिका के नव निर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के बेटे डोनाल्ड ट्रंप जूनियर और एरिक ट्रंप अगले साल की शुरुआत में भारत आएंगे और ट्रंप टावर परियोजनाओं का शुभारंभ करेंगे। मेहता ने बताया कि इन परियोजनाएं का शुभारंभ मार्च और जून के बीच होगा।

**अमेरिका से ज्यादा भारत में होंगे ट्रंप टावर :**कल्पेश मेहता ने ट्रंप समूह के भारत में रियल एस्टेट साझेदार हैं। उन्होंने बताया कि ट्रंप समूह के भारत में छह और ट्रंप टावर मुंबई, पुणे, गुरुग्राम, बंगलूरू, हैदराबाद और नोएडा में होंगे। वर्तमान में चार ट्रंप टावर मुंबई, पुणे, गुरुग्राम और कोलकाता में स्थिति हैं। इन छह नए ट्रंप टावर के साथ सबसे अधिक संख्या में ट्रंप टावर भारत में होंगे, यह संख्या अमेरिका से भी ज्यादा होगी।

**ट्रंप के बेटों से कैसे हुई कल्पेश की मुलाकात :**मेहता ने बताया, जब मैं अमेरिका में व्हार्टन स्कूल ऑफ फाइनेंस में पढ़ाई करता था। ट्रंप के बेटे मुझसे छोटे थे। एक प्रोफेसर जो मेरे मेंटर थे, वह उनके भी मेंटर थे। उसी प्रोफेसर ने मुझे ट्रंप के बेटों से मिलवाया और हमारी दोस्ती की शुरुआत हुई। डोनाल्ड ने हाल ही में राष्ट्रपति चुनाव में जीत हासिल की है। वह दूसरी बार अमेरिका के राष्ट्रपति बने हैं।

# सीजेआई चंद्रचूड़ का आखिरी वर्किंग डे, भावुक हुए

**:पिता के फ्लैट खरीदने का किस्सा सुनाया, बोले- उन्होंने कहा था, छत के लिए समझौता नहीं करना**

**नई दिल्ली,एजेंसी।** CJI चंद्रचूड़ 10 नवंबर 2024 को रिटायर हो जाएंगे, लेकिन उससे पहले 8 नवंबर को सुप्रीम कोर्ट में उनका आखिरी वर्किंग डे था। CJI चंद्रचूड़ की विदाई के लिए सेरेमोनियल बेंच बैठी। वहीं, शाम को विदाई समारोह रखा गया।

इस समारोह में CJI ने कहा कि मैं दिल से सुप्रीम कोर्ट बार एसोसिएशन को धन्यवाद देना चाहता हूं। मेरी मां ने मुझे बचपन में कहा था कि मैंने तुम्हारा नाम धनंजय रखा है। लेकिन तुम्हारे धनंजय का धन भौतिक संपत्ति नहीं है। मैं चाहती हूं कि तुम ज्ञान अर्जित करो...।

CJI ने अपने पिता से जुड़ा एक किस्सा भी सुनाया। उन्होंने कहा कि मेरे पिता ने पुणे में एक छोटा सा फ्लैट खरीदा। मैंने उनसे पूछा, आप पुणे में फ्लैट क्यों खरीद रहे हैं? हम वहां कब रहने जाएंगे?



उन्होंने कहा, मुझे पता है कि मैं वहां कभी नहीं रहने वाला। मुझे नहीं पता कि मैं कितने समय तक तुम्हारे साथ रहूंगा, लेकिन इस फ्लैट को तब तक रखना जब तक तुम जस्टिस के रूप में अपनी सेवा पूरी नहीं कर लेते। मैंने पूछा, ऐसा क्यों? तो उन्होंने कहा कि अगर कभी तुम्हें लगे कि तुम्हारी नैतिकता या बौद्धिक ईमानदारी से समझौता हो रहा है, तो मैं चाहता हूं कि तुम्हें यह पता हो कि तुम्हारे सिर पर छत है। मेरे पिता ने कहा कि वकील या जज रहते हुए कभी भी ये सोचकर अपने उसूलों से समझौता मत करना कि तुम्हारे पास अपना घर नहीं है ।

**जेके विधानसभा में फिर हंगामा,विधायकों में झड़प**

## मार्शल ने खुर्शीद शेख को धक्का देकर निकाला बाहर



**श्रीनगर (एजेंसी)।** जम्मू-कश्मीर विधानसभा के पांचवें दिन आज फिर सदन में हंगामा हुआ है। गुरुवार की तरह आज एक बार फिर अनुच्छेद 370 के मुद्दे पर ही टकराव देखने को मिला है। स्थिति इतनी ज्यादा बिगड़ गए मार्शल को बुलाना पड़ा। ये मार्शल्स विधायक खुर्शीद शेख को खींचकर बाहर ले गए। इसके अलावा स्थिति को कंट्रोल करने के लिए हंगामा करने वाले अन्य कई विधायकों को भी सदन से निकालकर बाहर ले गए। दरअसल, सदन में अनुच्छेद 370 की बहाली को लेकर प्रस्ताव लाया गया है और बीजेपी लगातार इस प्रस्ताव का विरोध कर रही है। ऐसे में आज सदन की कार्रवाई शुरू होने के बाद बीजेपी विधायकों द्वारा पीडीपी के खिलाफ नारे लगाए गए। सत्र शुरू होते ही बीजेपी विधायक खड़े हो गए और पीडीपी और स्पीकर के खिलाफ नारेबाजी करते हुए विरोध प्रदर्शन करने लगे जिसके बाद एक बड़ा विवाद खड़ा हो गया। बता दें कि पीडीपी जम्मू कश्मीर में अनुच्छेद 370 की वापसी को लेकर विधानसभा में प्रस्ताव लाई थी, जिसे सदन द्वारा पारित भी किया गया है। दूसरी ओर बीजेपी इस प्रस्ताव के पूरी तरह से खिलाफ है और आक्रामक तरीके से इसका विरोध कर रही है। बीते दिन गुरुवार को भी जम्मू-कश्मीर विधानसभा में जमकर हंगामा हुआ था। एक तरफ नेशनल कॉन्फ्रेंस और कांग्रेस के विधायक थे, तो दूसरी ओर बीजेपी के। बता दें कि गुरुवार को विधायकों के बीच धक्का-मुक्की और हाथापाई भी हुई थी। इसके चलते मामले को शांत कराने के लिए स्पीकर को मार्शल्स को सदन के अंदर बुलाना पड़ा था। गौरतलब है कि बीते दिनों लेंगेट से विधायक खुर्शीद अहमद शेख ने सदन में आर्टिकल 370 की वापसी का बैनर लहराया था। विधायक द्वारा लहराए गए बैनर पर लिखा था कि हम अनुच्छेद 370 और 35ए की बहाली और सभी राजनीतिक कैदियों की रिहाई चाहते हैं। बीजेपी विधायक और विपक्ष के नेता सुनील शर्मा ने इसका विरोध किया और विपक्षी सदस्य नारेबाजी करने लगे।

## राम मंदिर जून 2025 तक पूरा नहीं हो पाएगा

### 200 मजदूरों की कमी, फर्स्ट फ्लोर पर लगे पत्थर भी बदले जाएंगे

**अयोध्या,एजेंसी।** अयोध्या में बन रहा राम मंदिर जून 2025 तक पूरा नहीं हो पाएगा। मंदिर के पूरी तरह बनने में तीन माह और लगेंगे। निर्माण समिति के चेयरमैन पूर्व IAS नृपेंद्र मिश्र ने कहा, मंदिर के परकोटे में 8.5 लाख घन फीट वंशी पहाड़पुर के लाल पत्थर लगेंगे। ये पत्थर अयोध्या आ गए हैं लेकिन, 200 मजदूर कम पड़ गए हैं। इसलिए निर्माण में देरी हो रही है।

मिश्र ने कहा, राम मंदिर का संपूर्ण निर्माण अब जून-2025 नहीं, सितंबर 2025 तक पूरा होगा। उन्होंने यह भी बताया कि फर्स्ट फ्लोर पर लगे कुछ पत्थर कमजोर दिख रहे हैं, उनकी मोटाई कम है। उनकी जगह अब मकराना पत्थर लगाए जाएंगे। सभी प्रोजेक्ट्स पर काम चल रहा है।

अयोध्या में राम मंदिर भवन निर्माण समिति की बैठक दूसरे दिन शुक्रवार को भी हुई।

**3 माह का लग सकता है समय:**नृपेंद्र मिश्र ने कहा- राम मंदिर के निर्माण को पूरा करने के लिए जून-2025 निर्धारित किया गया था। मजदूरों की कमी के चलते तीन माह और लग सकते हैं। ऑडिटोरियम,परकोटा, परिक्रमा मार्ग पर मंदिर आदि बनने हैं।

# 60 साल तक सत्ता सुख भोगने के बाद भी प्रगति नहीं कर सकी कांग्रेस; नितिन गडकरी का करारा तंज

**गोंदिया/रायपुर,एजेंसी।** केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने कांग्रेस पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि कांग्रेस अपने 60 वर्षों के शासन में प्रगति नहीं कर सकी, जबकि नरेंद्र मोदी सरकार ने नागरिकों को सुशासन और विकास दिया है। उन्होंने कहा कि सुशासन का मतलब पारदर्शी, डिजिटल और भ्रष्टाचार मुक्त व्यवस्था है।

केंद्रीय मंत्री गडकरी ने शुक्रवार को गोंदिया से भाजपा उम्मीदवार विनोद अग्रवाल के लिए एक चुनावी रैली को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि कांग्रेस को शासन करने के लिए 60 साल मिले लेकिन वह देश का चेहरा नहीं बदल सकी। पार्टी ने बेरोजगारी और भुखमरी दी। पीएम मोदी के तहत लोगों को सुशासन और विकास मिला है। अगर कोई नेता अच्छा है, तो चीजें सही रास्ते पर चलेंगी।

**मोदी सरकार ने विकास पर दिया ध्यान**

उन्होंने कहा कि मोदी सरकार के तहत




विकास पर ध्यान दिया गया है, जिसमें ग्रामीण सड़क कनेक्टिविटी, परिवहन, बिजली और संचार पर ध्यान दिया गया है। उन्होंने कहा कि विदर्भ में जंगल, प्राकृतिक संसाधन, वनस्पति और जीव हैं। इस क्षेत्र और राज्य को समृद्ध बनाने के लिए इसका अच्छी तरह से विपणन करने की जरूरत है। स्मार्ट शहरों और स्मार्ट गांवों की जरूरत है।

**सड़क दुर्घटनाएं कम करने के लिए सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जानी चाहिए- गडकरी**

केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने बढ़ती सड़क दुर्घटनाओं और इसके परिणामस्वरूप होने वाली मौतों की ओर ध्यान आकर्षित किया। उन्होंने कहा कि देश में सड़क निर्माण के दौरान सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जानी चाहिए। उन्होंने कहा कि अगर भविष्य में सड़क इंजीनियरिंग की गलती से किसी की दुर्घटना में मौत होती है तो इसके लिए वह दोषी होंगे। छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में एक कार्यक्रम में सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के लिए केंद्रीय मंत्री गडकरी ने केंद्र के प्रयासों पर प्रकाश डाला। उन्होंने सरकारी इंजीनियरों से अपनी नौकरी छोड़कर एक अच्छी डीपीआर (विस्तृत परियोजना रिपोर्ट) बनाने वाली कंपनी शुरू करने का आग्रह किया और उन्हें प्राथमिकता के आधार पर काम देने का आश्वासन दिया।

# सलमान रुश्दी की विवादित किताब के इम्पोर्ट से हटा बैन

**दिल्ली हाईकोर्ट बोला-नोटिफिकेशन गायब हो चुका,राजीव गांधी ने 1988 में प्रतिबंध लगाया था**



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** राजीव गांधी ने 1988 में सलमान रुश्दी की विवादास्पद किताब द सैटेनिक वर्सेस के इम्पोर्ट पर बैन लगाया था। इसके खिलाफ हाईकोर्ट में याचिका लगाई थी। अब कोर्ट ने याचिका पर सुनवाई बंद कर दी है। कोर्ट ने कहा कि अफसर बैन को लेकर कोई भी नोटिफिकेशन पेश करने में नाकाम रहे। इससे माना जा सकता है कि बैन का आदेश मौजूद ही नहीं है। जस्टिस रेखा पल्ली और जस्टिस सौरभ बनर्जी की बेंच ने यह फैसला 5 नवंबर को सुनाया था। किताब के इम्पोर्ट को लेकर 2019 में संदीपन खान नाम के शख्स ने एक याचिका लगाई थी। संदीपन ने कहा, उन्होंने द सैटेनिक वर्सेज किताब मंगवाई थी, लेकिन कस्टम विभाग की तरफ से 36 साल पहले जारी किए गए नोटिफिकेशन के चलते बुक इम्पोर्ट नहीं हो सकी। हालांकि, नोटिफिकेशन न तो किसी आधिकारिक वेबसाइट पर उपलब्ध था और न ही किसी संबंधित अधिकारी के पास इससे जुड़े दस्तावेज मौजूद थे। द सैटेनिक वर्सेज किताब क्यों है विवादित द सैटेनिक वर्सेज उपन्यास का हिंदी में अर्थ 'शैतानी आयतें' हैं। इस किताब के नाम पर ही मुस्लिम धर्म के लोगों ने आपत्ति दर्ज कराई थी। रुश्दी ने अपनी इस किताब में एक काल्पनिक किस्सा लिखा है। किस्सा कुछ इस तरह है कि दो फिल्म कलाकार हवाई जहाज के जरिए मुंबई से लंदन जा रहे हैं। इनमें एक फिल्मी दुनिया का सुपरस्टार जिबरील है और दूसरा 'वॉयस ओवर आर्टिस्ट' सलादीन है। बीच रास्ते में इस प्लेन को कोई सिख आतंकी हाइजैक कर लेता है। इसके बाद विमान अटलांटिक महासागर के ऊपर से गुजर रहा होता है, तभी पैसेंजर से आतंकियों की बहस होने लगती है। गुस्से में आतंकवादी विमान के अंदर बम विस्फोट कर देता है।

# लोक आस्था का चार दिवसीय छठ महापर्व उगते सूर्य को अर्ध्य अर्पण के साथ हुआ संपन्न

## लोक आस्था का चार दिवसीय छठ महापर्व उगते सूर्य को अर्ध्य अर्पण के साथ हुआ संपन्न

**दैनिक खोज खबर/सोनपुर।** कार्तिक मास के चतुर्थी तिथि नहाखाय से शुरू होने वाली लोक आस्था का चार दिवसीय छठ महापर्व शुक्रवार को उगते सूर्य को अर्ध्य देकर वर्तधारियों ने व्रत की समापन की। पहलेजा घाट दक्षिण वाहिनी गंगा नदी व सोनपुर नारायणी नदी सहित अन्य कृत्रिम घाटों को रंग बिरंगे लाईट, पताखे से सजाकर वर्तधारियों महिला, पुरुष अस्तचलगामी भगवान भास्कर को शुद्ध पवित्रता के साथ सूप में रखें नारियल,केला,सेव, ईख अन्य ऋतू फल सहित खजुरी, ठेकुआँ,पान,फूल, कसेली, अरकत पात, बधी के साथ अन्य समाग्री के साथ अर्ध्य दी। वही गुरूवार को व्रतधारी डूबते सूर्य के अर्ध्य देने के पश्चात मन्नत जिनके है वे वर्तधारी मिट्टी के बने हाथी के साथ छठ पर्व के समाग्री के साथ 5 ईख के साथ कोसी भरते है और सभी महिलाएं छठ गीत गाकर पुरे वातावरण को शुद्ध करती है। भक्ति गीत से पूरा क्षेत्र गूंजवान हो उठाता है। अगले दिन वर्तधारी उसी छठ घाट पर पहुँच कर भगवान सूर्य को जल्दी उगने की बिनती गीत के माध्यम से कर पुनः नदियों व तलाबो मे खड़े होकर उगते हुए सूर्य को अर्ध्य देकर 36 घंटे के निर्जला उपवास को शुक्रवार को सुबह मे समाप्त की । व्रतधारी को किसी प्रकार की कठिनाई न हो इसके लेकर सोनपुर प्रशासन के अलावा समाजसेवी, बुद्धिजीवी सभी लोग सहयोग करते नजर आए। इस पर्व को लेकर बच्चों से लेकर बृद्ध तक सभी लोगों के चेहरे पर उत्साह उमंग देखा गया। बच्चे छठ घाट पर पटाखे फोरे। घर के महिलाएं जब नये वस्त्र व श्रृंगार कर निकलती तो लगता था कि हर घर मे साक्षात देवी घर से निकल कर व्रती के साथ भगवान सूर्य को अपने वानी से मधुर गीत गाकर अनुनन विनय कर हर गलतियों को माफ करते हुए उनसे आशीर्वाद माँग कर घर मे सुख शांति रहे और विपतियों से छूटकारा दिलाने की आरधना करती है तो लगता है कि समाज मे कुछ नामझ लोग जो बेटियों को बोझ समझती है उनके बंद आँख के चश्मे खोल देती है कि बेटी कितनी महान है तभी तो गीत मे छठी माइया से रुनकी झुंनकी बेटी मांगती है। बिहार के सबसे कठिन व महत्वपूर्ण पर्व है। इस चार दिवसीय छठ पर्व में पहला दिन नहाखाय दूसरे दिन खरना, तिसरे दिन अस्तचलगामी सूर्य को अर्ध्य पुनः अगले दिन उगते हुए सूर्य को अर्ध्य देकर व्रत को संपन्न करती है।



## रामघाट पर हजारों श्रद्धालुओं ने भगवान भाष्कर को अर्घ्यदान किया

**दैनिक खोज खबर/मांझी।** सूर्योपासना के महान छठ पर्व के अवसर पर गुरुवार की शाम एवं शुक्रवार को सुबह माँझी के प्रसिद्ध रामघाट पर हजारों श्रद्धालुओं ने भगवान भाष्कर को अर्घ्यदान किया। मौके पर स्थानीय प्रशासन,नगर पँचायत तथा छठ पूजा समिति से जुड़े सदस्यों ने व्रतियों की सहूलियत के लिए बेहतर ब्यवस्था की थी। व्रतियों के लिए साफ सफाई के अलावा सड़कों एवम प्रवेश स्थलों पर आकर्षक तोरण द्वार,सजावट तथा गोताखोरों द्वारा नौका से मॉनिटरिंग की ब्यवस्था की गई थी। रामघाट छठ पूजा समिति के संयोजक रंजन शर्मा ने बताया कि उक्त घाट पर व्रतियों के लिए पूजन सामग्री एवम चाय आदि की भी ब्यवस्था की गई थी। उधर रामघाट से सटे पुरब बहोरन सिंह के टोला छठ घाट पर भी सैकड़ो व्रतियों ने अर्घ्यदान किया। इससे पहले संत रामजी दास उर्फ पतइया बाबा तथा संत रामदास उदासीन जी महाराज ने फीता काटकर छठ घाट का विधिवत उदघाटन किया। संत द्वय ने बताया कि उक्त घाट पर ग्रामीणों के अलावा बड़ी संख्या में छपरा शहर से पधारे व्रती व श्रद्धालु आदि मौजूद थे। संत द्वय ने बहोरन सिंह के टोला छठ घाट का नामकरण राम जानकी घाट किये जाने की घोषणा की। मौके पर संत रामदास उदासीन ने श्रीमद्भागवत पुराण में वर्णित छठ की महत्ता की तथा कथावाचन किया। छठ पर्व के पावन अवसर पर माँझी के बैरिया घाट,बाबा मधेश्वर नाथ घाट तथा ड्यूमाइगढ घाट के अलावा महम्मदपुर, मुबारकपुर, ताजपुर,मटियार, डुमरी,घोरहट, फतेहपुर, मेंहदीगंज, दुर्गापुर, धनी छपरा, कौरुधौरु एवम मझनपूरा आदि घाटों पर भी बड़ी संख्या में व्रतियों ने अर्घ्यदान किया। मौके पर बीडीओ रंजीत सिंह, सीओ सौरभ अभिषेक,कार्यपालक पदाधिकारी रक्षा लोहिया तथा मुख्य पार्षद प्रतिनिधि बिट्टू राय समिति सदस्यों के साथ लगातार सक्रिय रहे। रामघाट पर आए अतिथियों एवं पदाधिकारियों को माँझी विधानसभा के पूर्व प्रत्यासी ई सौरभ सन्नी द्वारा अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया। छठ व्रतियों की भीड़ के विभिन्न घाटों के अलावा विशेष तौर पर माँझी चट्टी पर पुलिस बल को तैनात किया गया था।



## अमनौर : सूर्य उपासना का छठ महापर्व उगते सूर्य को अर्ग अर्पण के साथ हुआ संपन्न

**दैनिक खोज खबर/अमनौर(सारण)।** लोक अस्था का महापर्व छठ शुक्रवार को छठ व्रतियों द्वारा उगते सूर्य को अर्ग देने के बाद सम्पन्न हुआ.अमनौर में जहां पर्यटक स्थल अमनौर बड़ा पोखरा घाट किनारे हजारों की संख्या में श्रद्धालु भक्त छठ पूजा किया.वहीं ग्रामीण क्षेत्रों में भी नदी व तालाब किनारे छठ पूजा की धूम रही.जहां गुरुवार की शाम छठव्रतियों ने ठुबते सूर्य की उपासना किया वहीं शुक्रवार की सुबह उगते सूर्य को अर्ग देकर अपने तथा अपने परिवार की खुशहाली के लिए आशिर्वाद मांगा.छठ पूजा समिति, अमनौर द्वारा साफ-सफाई, लाइट बैरिकेडिंग की व्यवस्था एवं तथा सूर्य की भव्य प्रतिमा का निर्माण कराया गया था.साथ ही श्रद्धालुओं की मनोरंजन के लिए देवी जागरण का आयोजन कराया गया था.वहीं विधि व्यवस्था व सुरक्षा को लेकर सीओ अजय कुमार तथा थानाध्यक्ष कुंदन कुमार अपने पुलिस बल के साथ वहां मुस्तैदी के साथ डटे रहे .वहीं दूसरी ओर पश्चिमी छठ घाट पर कुव्यवस्था को लेकर छठव्रती काफी नाराज दिखी .संकीर्ण जगह होने के कारण छठव्रतियों व उनके परिजनों का दम घूंट रहा था. अर्घ्य देने से लेकर पूजा पाठ में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा है.जिसके लिए पूजा समिति व स्थानीय सांसद को कोस रहे थे.पूजा समिति के अरविंद कुमार सिंह, अमरेंद्र सिंह सूरज कुमार, सत्य प्रकाश, प्रफुल कुमार आदि लोंगों का योगदान सराहनीय रहा. इधर परशुरामपुर पोखरा ,पुरैना पोखरा, मही नदी धरहरा,बगही, कुआरी, मधुबनी, धरहरा खुर्द,रसुलपुर, पकड़ी डीह, सलखुंआ, गोसी अमनौर सहित अन्य स्थानों पर भी छठ पूजा धुमधाम व उत्साह पूर्वक मनाया गया।

## उगते सूर्य को अर्घ्य देकर चार दिवसीय महा पर्व छठ का हुआ समापन



**दैनिक खोज खबर/मशरक (सारण)।** आस्था के महा पर्व चार दिवसीय छठ पूजा का मशरक नगर पंचायत और प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न गांवों के छठ घाटों पर शुक्रवार की सुबह 6 बजें उगते सूर्य को अर्घ्य देने के साथ समापन हो गया। बनियापुर विधायक केदारनाथ सिंह और धर्मपत्नी बबिता सिंह ने सतीवारतीर छठ घाट पर अर्घ्य दिया। मौके पर छपरा पूर्व विधायक रणधीर सिंह, युवराज सुधीर सिंह , उच्च न्यायालय पटना के अधिवक्ता रितुराज सिंह मौजूद रहें। व्रती महिलाओं ने सूर्य की पहली किरण के साथ ही अर्घ्य दिया और व्रत को पूरा किया। स्वच्छता और प्रकृति के प्रति कृतज्ञता जताने का यह पर्व सादगी का संदेश भी देता है। सुबह सूर्योदय हुआ तो पानी में खड़े श्रद्धालुओं के चेहरों पर भी लालिमा बिखर गई। सूर्य को अर्घ्य दिया गया, फिर कलश और वेदी का विसर्जन कर व्रत पूरा हुआ। आशीर्वाद और प्रसाद का दौर अर्घ्य देने के बाद घाट पर किया गया और बड़ों से आशीर्वाद लेने का सिलसिला शुरू हुआ। महिलाओं ने सूर्य देव और छठी मैया से मनोकामना पूर्ति हेतु प्रार्थना की। छठ व्रतियों ने निर्जला ब्रत छठ माता का प्रसाद खा कर पूरा किया। पानी से बाहर निकलकर महिलाओं ने एक-दूसरे की मांग में सिंदूर लगाकर सुहाग देने की परम्परा निभाई। अखण्ड सौभाग्य के लिए लम्बा सिंदूर व्रत पूरा करने के बाद एक-दूसरे को सुहाग देते हुए महिलाओं ने नाक से मांग तक सिंदूर लगा रखा था।छठ का व्रत करने वाली महिलाओं ने बताया कि पति की दीर्घायु के लिए लम्बा सिंदूर लगाया जाता है। मान्यता है कि जितना लम्बा सिंदूर होगा उतनी ही लम्बी पति की आयु होगी। वहीं नगर पंचायत चेयरमैन सोहन महंतों,उप मुख्य पार्षद प्रतिनिधि अमित सिंह, प्रखंड प्रमुख रवि प्रकाश सिंह मंटू, प्रखंड मुखिया संघ अध्यक्ष अजीत सिंह, सोनौली मुखिया इम्तियाज खान उर्फ चुन्नू बाबू,डुमरसन मुखिया बच्चा लाल साह, पूर्व मुखिया प्रतिनिधि अमर सिंह, पूर्व मुखिया छोटा संजय,प्रखंड व्यवसायी संघ अध्यक्ष प्राण सेठ, सरपंच बिनोद प्रसाद समेत अन्य पंचायत जन प्रतिनिधि छठ घाट पर मौजूद रहें। वहीं सुरक्षा व्यवस्था को लेकर डीएसपी अमरनाथ, बीडीओ पंकज कुमार,सीओ सुमंत कुमार, थानाध्यक्ष अजय कुमार समेत अन्य तैनात रहें।

## महापर्व छठ में व्रतियों के बीच बनियापुर विधायक ने वितरण किया पूजन सामग्री और वस्त्र

**दैनिक खोज खबर/मशरक (सारण)।** लोक आस्था के महापर्व छठ पूजा के शुभ अवसर पर महाराजगंज के पूर्व सांसद प्रभुनाथ सिंह के निर्देशानुसार बनियापुर विधानसभा क्षेत्र के राजद विधायक केदारनाथ ने मशरक प्रखंड अवस्थित बड़हिया टोला अपने आवासीय परिसर में छठ व्रतियों के बीच साड़ी एवं फल सामाग्री का वितरण किया इस अवसर पर मुख्य रूप से छपरा के पूर्व विधायक रणधीर सिंह, आईपीएल संयोजक युवराज सुधीर सिंह, मदन सिंह, अधिवक्ता ऋतुराज सिंह मुख्य रूप से उपस्थित रहे। इस अवसर पर राजद विधायक केदारनाथ सिंह ने आस्था पवित्रता व सूर्य उपासना के महापर्व छठ पूजा के शुभ अवसर पर बनियापुर विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत समस्त छठ व्रतियों के साथ साथ सभी क्षेत्र वासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं व्यक्त किया है।साथ ही साथ छठी मैया से प्रार्थना किया है कि छठी मैया सभी लोगों की मनोकामना पूर्ण करें।

### उदीयमान सूर्य को अर्घ्य देने के साथ लोक आस्था का महापर्व छठ पूजा संपन्न

**दैनिक खोज खबर/तरैया (सारण)।** लोक आस्था के चार दिवसीय महापर्व छठ पूजा शुक्रवार को उदीयमान भगवान भाष्कर को अर्घ्य देने के साथ शांतिपूर्ण रूप से सम्पन्न हो गया। इससे पूर्व गुरुवार को विभिन्न छठ घाटों पर छठव्रतियों ने अस्ताचलगामी सूर्य को अर्घ्य दियाशाहनेवाजपुर-मुरलीपुर छठ घाट, देवरिया छठ घाट, तरैया बाजार स्थित छठ घाट, समेत क्षेत्र के अन्य नदी व पोखर घाटों पर छठ व्रतियों ने अर्घ्य दिया। इस दौरान गंडक नदी व चिन्हित खतरनाक छठ घाटों पर बांस-बल्ला से बैरिकेडिंग किया गया था तथा स्थानीय पुलिस पदाधिकारी व दंडाधिकारी लगातार गश्त लगाते रहे थे। वही तरैया थानाध्यक्ष आशुतोष कुमार सिंह व बीडीओं विभु विवेक विभिन्न छठ घाटों की निगरानी करते नजर आए।

## कराह में छठ पूजा समिति द्वारा जरूरतमंदों के बीच कंबल बांटा गया



**दैनिक खोज खबर/बनियापुर(सारण)।** छठ पूजा समिति गण्डकी नदी तट कराह पर आज 201 जरूरतमंदों के बीच कम्बल बितरण किया। मानवता की सेवा ही सबसे बड़ी पूजा है और लोक आस्था के महावर्त के साथ ही कंबल का वितरण गरीबों को जरूरतमंदों को राहत पहुंचाने का एक माध्यम है छठ पूजा समिति गण्डकी नदी हरपुर कराह का यह प्रयास समाज के लिए प्रेरणादायक है उक्त बातें पटना एम्स के कैंसर सर्जरी विभाग के प्रमुख डॉ जगजीत पांडेय ने गंडकी नदी तट पर आयोजित कंबल वितरण समारोह को संबोधित करते हुए कही, गांडकी नदी तट कराह पिछले 16 वर्षों से छठ महोत्सव का आयोजन किया जाता है और यह प्रयास पूजा के साथ मानवता की सेवा भी है। कंबल वितरण समारोह में पहुंचे बनियापुर के वीडियो रामेन्द्र कुमार ने कहा की छठ महावर्त में गरीबों की सेवा वास्तव में मानवता की पूजा है और यह कार्य समाज को प्रेरणा देने वाला है। वहीं थाना अध्यक्ष आशुतोष कुमार ने कहा कि हमारे पुलिस अधीक्षक में दीपावली में एक मुहीम चलाया था जिसमे मैं नहीं हम मनाए दीपावली के तर्ज पर ही यह आयोजन दिखता है जहां पूजा के साथ समाज के वंचित और जरूरतमंदों के बीच कंबल प्रसाद देकर उन्हें ठंड से बचने का एक सहारा साबित होता है। ऐसे प्रयास समाज के लिए प्रेरणादायक है। कंबल वितरण समारोह से पूर्व पूजा समिति के मुख्य संरक्षक नरसिंह सिंह और सूरज कुमार सिंह ने अतिथियों को प्रतीक चिन्ह और शाल देकर सम्मानित किया। पूजा समिति के अध्यक्ष धूपनारायण सिंह ने कहा कि हमारे गांव के युवाओं का यह प्रयास बेहद सराहनीय है और इसे देखकर अन्य लोगों को भी समाज सेवा में आगे आना चाहिए इस मौके पर कार्यक्रम के संयोजक राकेश निकुम्भ ने पूजा समिति के सदस्यों, स्वच्छता कर्मियों और पत्रकारों को अंग वस्त्र और मेमोंटो देकर सम्मानित किया इस दौरान मुख्य रूप से बच्चन सिंह ,राजेश सिंह, मुरारी सिंह, रविकांत सिंह, अनुज कुमार सिंह, रौशन सिंह,प्रणव कुमार, विशाल राजपूत, रजनी शांडिल, कृष्ण कुमार गुप्ता, सोहराय सैनी, लदान कुमार, हर्ष कुमार गुन्नू, सहित उपस्थित रहे।

### इसुआपुर सड़क दुर्घटना में एक घायल, रेफर

**इसुआपुर(सारण)।** इसुआपुर सड़क दुर्घटना में घायल थाना क्षेत्र के हंकारपुर गांव के राजदेव राय का 25 वर्षीय पुत्र संदीप कुमार बताया जाता है। जानकारी के अनुसार वह छठ का प्रसाद लेकर बाइक से अपने किसी रिश्तेदार के यहां जा रहा था,की एस एच 90 अचितपुर में विपरीत दिशा से आ रहे अज्ञात वाहन की चपेट में आ गया, वही अचेत हो गया। अचेतावस्था में स्थानीय लोगों तथा स्वजनों की मदद से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र इसुआपुर ले जाया गया। जहां से प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों के द्वारा बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल छपरा रेफर कर दिया गया।

# श्री श्री छठ पूजा सेवा समिति द्वारा जरूरतमंदों के बीच कम्बल का किया गया वितरण

## विधायक ने जरूरतमंदों के बीच कम्बल बांट कर कार्यक्रम का किया शुभारंभ

**दैनिक खोज खबर/तरैया (सारण)।** प्रखंड के पोखरेड़ा पंचायत के लौवां गांव स्थित हिरामती छठ घाट पर शुक्रवार को छठ के पारणा के दिन श्री श्री छठ पूजा सेवा समिति लौवा द्वारा 201 जरूरतमंदों के बीच कम्बल का वितरण किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ बिहार विधानसभा के मुख्य सचेतक सह स्थानीय विधायक जनक सिंह ने जरूरतमंदों के बीच कम्बल बांट कर किया। इस दौरान विधायक श्री सिंह ने उपस्थित लोगों को सम्बोधित करते हुए कहा की लोक आस्था का महापर्व छठ आपसी सौहार्द और भाईचारे का पर्व है। छठ ही एक ऐसा पर्व है जिसमें देश-विदेश और राज्य के कोने-कोने से लोग अपने घर इस पूजा में शामिल होने के लिए आते हैं। पूजा-पाठ हमें आपस में मिलजुल कर आपसी भाईचारे के साथ रहना सिखाता है। कोशिश करना चाहिए कि हम सभी को एक-दूसरे के साथ पूरे मिल्लत के साथ रहना चाहिए और सभी के दुःख-सुख में काम आना चाहिए। बता दें कि इस छठ घाट पर समिति द्वारा विगत 2006 से ही लगातार खरना के दिन छठ व्रतियों के बीच साड़ी और पारणा के दिन जरूरतमंदों के बीच कम्बल का वितरण किया जाता है। वहीं कार्यक्रम के दौरान समिति के संचालक गौरी शंकर प्रसाद ने कहा कि मानव सेवा सबसे बड़ी सेवा है। इस सेवा से सभी कष्ट दूर होते हैं। इसलिए प्रत्येक व्यक्ति को यह सेवा करनी चाहिए। मौके पर विधायक जनक सिंह, पोखरेड़ा पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि बीर बहादुर राय, शिक्षक नेता रंजीत सिंह, संस्था के संचालक गौरी शंकर प्रसाद, सिकंदर प्रसाद, मुन्ना प्रसाद गुप्ता, श्रीराम तिवारी, अमित कुमार, सूरज कुमार, मंगल सम्राट, देवानंद शर्मा, गुड्डू सिंह कुशवाहा, मंटु कुशवाहा, शैलेन्द्र सिंह कुशवाहा, भाजपा मंडल अध्यक्ष सुरेश सिंह, पप्पू कुमार, दीपक सिंह समेत सैकड़ो छठव्रति महिलाएं व पुरुष उपस्थित थे।

### विधायक जनक सिंह ने दर्जनों गांवों में छठ व्रतियों के बीच साड़ी बितरण किया

**दैनिक खोज खबर/इसुआपुर(सारण)।** तरैया विधायक सह विधानसभा में मुख्य उप सचेतक जनक सिंह ने इसुआपुर प्रखंड के दर्जनों गांवों में जाकर छठ ब्रतीयों के बीच साडी, फल का वितरण किया। विधायक ने इसकी शुरुआत अपने डोईला स्थित आवास से किया। जहां सैकड़ो महिलाओं को साड़ी फल दिया गया इसके बाद विधायक प्रखंड के दर्जनों गांव गए जहां पर उन्होंने छठ ब्रतीयों की मदद की.उनके इस कार्य से छठवर्ती बहुत खुश हुईं तथा उन्हें आशीर्वाद दिया मौके पर आये डब्लू ओझा बच्चा सिंह बद्रीनारायण सिंह राजेंद्र सिंह शारदानंद सोनी अनरमा पांडे महेश पंडित आदि ने भी साड़ी वितरण में उनका साथ दिया।



# छठ पूजा के दौरान बड़ा हादसा, नाव पलटने से 2 युवकों की मौत, माहौल हुआ गमगीन

## एम्बुलेंस देर से मिलने से नाराज ग्रामीण हुए आक्रोशित, पुलिस प्रशासन व विधायक से किया दुर्व्यवहार



**दैनिक खोज खबर/तरैया (सारण)** उदयीमान सूर्य को अर्घ्य देने के दौरान एक बड़ा हादसा हो गया, जहां नाव पलटने से दो युवकों की मौत हो गई। बताया जाता हैं कि नाव पर क्षमता से अधिक लोग सवार थे, जिससे नाव पलट गई और डूबने से 2 युवकों की मौत हो गई। शेष अन्य लोग सुरक्षित बाहर निकाल गए। हादसा तरैया थाना क्षेत्र के पचभिंडा-बेलहरी गांव के पोखर में हुआ हैं। जहां छठ पूजा के उदयीमान सूर्य को अर्घ्य देने के दौरान शुक्रवार की अहले सुबह पोखर में एक छोटी-सी नाव पर 10 लड़के सवार होकर सेल्फी ले रहे थे। इसी दौरान पानी में एका-एक नाव पलट गई और नाव पर सवार सभी लोग डूबने लगे। स्थानीय नवयुवक पानी में कूदकर डूब रहे लोगों को बचाने लगे। घटना को प्रत्यक्ष रूप से देख रहे पचभिण्डा गांव के ही एक युवक राजा पासवान बिना अपने जान की परवाह किये पोखर में कूद गया और किसी तरह आठ लोगों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया। लेकिन नाव में दबने के कारण दो युवक नहीं मिल पा रहे थे। सूचना पाकर तरैया थानाध्यक्ष आशुतोष कुमार सिंह दलबल के साथ मौके पर पहुचे और स्थानीय गोताखोरों के सहयोग से करीब एक से डेढ़ घंटे बाद दोनों युवकों को पोखर से निकाला गया। जिसके बाद तत्काल दोनों को ग्रामीणों ने रेफरल अस्पताल तरैया पहुचाया, जहां चिकित्सकों ने उन दोनों को मृत घोषित कर दिया। ग्रामीणों की माने तो नाव चला रहा व्यक्ति लोगों से पैसा लेकर पोखरे में घुमा रहा था और पैसे की लालच में अधिक लोगों को नाव पर चढ़ा लिया जिस कारण ये हादसा हुआ। इस हादसे का वीडियो भी सामने आया है। 14 सेकेंड के इस वीडियो में साफ दिख रहा है कि कैसे नाव अचानक से पलट जाती है, और उसमें सवार 10 लड़के डूबने लगते हैं। हालांकि लड़कों को बचाने के लिये एक युवक तुरंत तालाब में कूदता है। इस हादसे में 8 लोग सुरक्षित हैं।

**छोटी नाव पर क्षमता से ज्यादा लोग थे सवार :** स्थानीय लोगों ने बताया कि अर्घ्य के लिए पंचभिंडा गांव के सरकारी पोखर में छठ व्रतियों की भीड़ थी। इस दौरान वहां पहले से लगी नाव पर गांव के युवक चढ़ गए। एक नाव पर 10 लोग चढ़ गए। क्षमता से ज्यादा लोगों के सवार होने के कारण ही नाव डूब गई। मृतको की पहचान तरैया थाना क्षेत्र के पचभिण्डा गांव निवासी बैजनाथ सिंह के 20 वर्षीय पुत्र बिट्टू कुमार एवं दूसरा दसई मांझी का 18 वर्षीय पुत्र सूरज कुमार के रूप में हुई है।

घटना के 30 मिनट बाद शव पोखरे से बरामद किया गया। शव मिलने के साथ ही चीख पुकार मच गई। दोनों युवक अपने माँ का अर्घ दिलाने के लिए छठ घाट पर गए हुए थे। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय विधायक जनक सिंह मौके पर पहुंचे और बाहर निकाले गए एक युवक को अपने गाड़ी से अस्पताल पहुंचाया जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

**देर से एंबुलेंस पहुंचने पर आक्रोशित ग्रामीणों ने एंबुलेंस चालक से की धक्का मुक्की :** अस्पताल पहुंचने के दो युवकों को मृत घोषित किए जानें के बाद ग्रामीण आक्रोशित हो गए। हालांकि शव मिलने के बाद एम्बुलेंस देरी से पहुचने से स्थानीय लोग आक्रोशित हो उठे। अस्पताल में पहुचे आक्रोशित लोगों ने पुलिस और एम्बुलेंस चालक से धक्का मुक्की करने लगे तथा स्थानीय विधायक जनक सिंह से दुर्व्यवहार किया और एम्बुलेंस का शीशा तोड़ दिया और पत्थर बाजी करने लगे। आक्रोशितों के पत्थर से एक युवक के सिर पर लगा और वह गंभीर रूप से जख्मी हो गया। जख्मी युवक तरैया निवासी अनिल कुमार गुप्ता के 20 वर्षीय पुत्र गोलू कुमार हैं। जिसका प्राथमिक उपचार रेफरल अस्पताल तरैया में किया गया। वहीं आक्रोशित लोग एम्बुलेंस नहीं मिलने से नजराज होकर और आक्रोशित हो गए और शव को हाथ में ही उठाकर लेकर घर चले गए। इसके बाद वे लोग शव को पचभिण्डा पेट्रोल पंप के समीप सड़क पर रख कर कुछ देर के लिए एसएच-73 मुख्य सड़क को अवरुद्ध कर जाम कर दिया। सूचना पर तरैया थानाध्यक्ष आशुतोष कुमार सिंह, प्रभारी सीओं सुमन्त कुमार समेत अन्य स्थानीय पुलिस पदाधिकारियों व पंचायत प्रतिनिधियों के घंटो प्रयास के बाद जाम हटाया गया और तब जाकर यातायात बहाल हो सका। जिसके बाद पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए छपरा भेज दिया।

**आक्रोशित ग्रामीणों ने नाविक के परिजनों के साथ की मारपीट :** पचभिण्डा गांव स्थित सरकारी पोखर में छठ पूजा के दौरान नाव अनियंत्रित होकर पानी में ही पलट गई। जिस नाव पर सवार 10 युवकों में से 8 युवकों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया, लेकिन दो युवकों की पानी में डूबने से मौत हो गई। तरैया थाने की पुलिस द्वारा दोनों मृतकों के शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए छपरा भेज दिया गया है। इधर घटना के उपरांत आक्रोशित ग्रामीणों द्वारा नाविक के परिजनों के साथ मारपीट की घटना कारित की गई है। जिसके बाद तरैया थाने की मामले की गम्भीरता को देखते हुए तत्काल पुलिस पदाधिकारियों की मौके पर तैनाती की गई है एवं पुलिस द्वारा घटना से जुड़ी सभी पहलुओं की जांच कर अग्रेतर कार्रवाई की जा रही है।



# युवराज सुधीर सिंह अपने आवास पर छठ व्रतीयों के बीच साड़ी वितरण किया

**दैनिक खोज खबर/इसुआपुर(सारण)।** मशरक में पूर्व सांसद प्रभुनाथ सिंह के घर छठ का पर्व आस्था के साथ-साथ उत्सव के रूप में मनाया जाता है इस दिन परिवार के सभी लोग क्षेत्र से आए हजारों छठ ब्रतीयों को वस्त्र नारियल तथा नगद देकर उनकी मदद करते हैं ज़ो इस बर्ष भी बड़े ही श्रद्धा के साथ निभाया गयाइस अवसर पर उनके छोटे भाई बनियापुर क्षेत्र के विधायक केदारनाथ सिंह उनके पुत्र पूर्व विधायक तथा जदयू के प्रदेश महासचिव रणधीर कुमार सिंह तथा उनके छोटे भाई दीनानाथ सिंह के पुत्र युवराज सुधीर सिंह बड़े ही श्रद्धा भाव से छठब्रातियों को अपने मशरक स्थित घर पर बुलाये तथा बड़े ही सम्मान के साथ उन्हें साड़ी नारियल पैसा दियासाथ ही परिवार के सदस्य मदन सिंह अभिलेश सिंह राजू सिंह अभिषेक सिंह ऋतुराज सिंह ऋषिराज सिंह समर प्रताप सिंह खुशी कुमारी रिद्धि कुमारी ने लगभग सात हजार छठ ब्रतीयों के बीच सारी नारियल तथा नगद का वितरण किया इस अवशर पर पूछने पर पूर्व विधायक रणधीर सिंह तथा युवराज सुधीर सिंह ने बताया कि यह परंपरा उनके पापा पूर्व सांसद प्रभुनाथ सिंह तथा दीनानाथ सिंह के द्वारा चलाया गया था.उनके जेल जाने के बाद 7 वर्षों से हम लोग इस परंपरा को निभा रहे हैं तथा जब तक छठी मैया का आशीर्वाद रहेगा हम लोग छठ ब्रतीयों की मदद करते रहेंगे।

## दरियापुर के भाकपा अंचल सचिव की असामयिक निधन

**दैनिक खोज खबर/दरियापुर(सारण)।** प्रखंड क्षेत्र के कोठियां गांव निवासी तथा भाकपा के अंचल सचिव का निधन बीते छह तारीख को हो गया। जानकारी के अनुसार अंचल सचिव किशोरी प्रसन्न राय काफी दिनों से बीमार चल रहे थे। जिनका इलाज चल रहा था जिनका निधन बीते छह तारीख को गया उनके निधन की खबर फैलते ही उनके पैतृक आवास पर स्थानीय विधायक छोटे लाल राय एवं भाकपा के कार्यकर्ताओं ने उनके अंतिम दर्शन हेतु पहुंचे इस अवसर पर डॉ के एन सिंह, लक्ष्मण सिंह,कमलेश राय,राज नाथ यादव,विजय साह,महात्मा प्रसाद गुप्ता सहित अन्य उपस्थित हुए।

## दरवाजे पर मवेशी बांधने के विवाद में मारपीट, तीन घायल

**दैनिक खोज खबर/मशरक (सारण)।** मशरक के सिकटी भिखम गांव में दरवाजे पर मवेशी बांधने के विवाद में मारपीट में 3 घायल हो गए। घायलों को इलाज के लिए सीएचसी मशरक में भर्ती कराया गया। घायल सिकटी भिखम गांव निवासी 22 वर्षीय चंदन कुमार और 20 वर्षीय रोहित कुमार हैं जिनके बीच मारपीट की घटना हुई वहीं बीच बचाव करने आए दवा विक्रेता सोनौली गांव निवासी 52 वर्षीय विरेन्द्र प्रसाद घायल हो गए। घायलों का डॉ चन्द्रशेखर सिंह ने इलाज किया। वहीं थाना पुलिस को आवेदन दिया गया।

## धरमासती बाजार से बाइक चोरी

**दैनिक खोज खबर/मशरक (सारण)।** मशरक के धरमासती बाजार से छठ पर्व का सामान खरीदने गये शख्स की बाइक बुधवार की शाम 5 बजें चोरी होने का मामला सामने आया। मामले में संजीव कुमार पिता रामेश्वर राय गांव सेरूकहा ने थाना पुलिस को आवेदन देकर न्याय की गुहार लगाई। उन्होंने बताया कि धरमासती बाजार में छठ का पूजा-अर्चना का सामान खरीदने गये थें वहीं पर बाजार से बाइक हीरो स्पलेंडर बीआर 04 ए एल 3181 चोरी कर ली गई। पुलिस जांच में जुटी है।

## बनियापुर विधायक ने बाइक दुर्घटना में घायल शिक्षक का जाना हाल

**दैनिक खोज खबर/मशरक (सारण)।** मशरक के बड़हिया टोला गांव में बाइक दुर्घटना में घायल शिक्षक से शुक्रवार की शाम 4 बजें बनियापुर विधायक केदारनाथ सिंह ने मुलाकात की और जल्द स्वस्थ होने की कामना की। विधायक केदारनाथ सिंह ने कहा कि बाइक दुर्घटना में शिक्षक आलोक कुमार सिंह घायल हो गए थे। सूचना मिलने पर उनसे मुलाकात की और जल्द स्वस्थ होने की कामना की। मौके पर पूर्व मुखिया प्रतिनिधि अमर सिंह, नरेन्द्र सिंह, शशी सिंह, जितेन्द्र सिंह समेत अन्य मौजूद रहें।

## सुरौंधा में 13 वर्षीय किशोर ने फंदे से लटक आत्महत्या की

**दैनिक खोज खबर /बनियापुर।** थानाक्षेत्र के सुरौंधा में 13 वर्षीय किशोर ने फंदे से लटक आत्महत्या कर ली। घटना शुक्रवार की देर शाम को हुई। घटना का कारण परिवारिक विवाद बताया जाता है। मृतक अनिल राय का पुत्र आकाश कुमार बताया जाता है। घटना के सम्बंध में स्थानीय लोगों ने बताया कि मृतक की मां दो माह से अपने मायके रह रही थी। उसके पिता प्रदेश में रहते हैं। मृतक अपने दादा दादी के साथ गांव में रहता था। शुक्रवार की शाम वह फोन पर अपनी मां से बातचीत किया था। जिसके बाद उसने घटना को अंजाम दिया। किशोर को फंदे से लटके देख दादा दादी अनहोनी की आशंका से चीखने चिल्लाने लगे थे। तब आसपास के लोग मौके पर पहुंचे थे। स्थानीय लोगों की मदद से किशोर के गले की फंदे को खोला गया था। जब किशोर को डॉक्टर के पास लाया गया तब तक उसने दम तोड़ दिया था। स्थानीय मुखिया अशोक साह ने घटना को आत्महत्या बताया है। इधर, हत्या की चर्चा भी की जा रही है। पुलिस मौके पर पहुंच घटना की पड़ताल शुरू कर दी है।



## आगहरा छठ घाट पर भव्य गंगा महाआरती संपन्न

**दैनिक खोज खबर/मढ़ौरा(सारण )।** स्थानीय प्रखंड क्षेत्र के अगहरा छठ घाट पोखर पर गंगा पूजन व गंगा महाआरती का भव्य आयोजन किया गया। जिसमें बनारस से आए बटुको ने गंगा महाआरती को भव्य तरीके से संपन्न कराया। आयोजन समिति का उत्साहवर्धन करने पहुंचे मुख्य अतिथि पूर्व मंत्री व स्थानीय विधायक जितेंद्र कुमार राय, विशिष्ट अतिथि पूर्व एमएलसी प्रत्याशी रहे सुधांशु रंजन, अंचलाधिकारी अंबपालिका यादव, गौरा थानाध्यक्ष बाजीगर कुमार, मुखिया अमित कुमार, राजेश प्रसाद, गौरा पैक्स अध्यक्ष रामपुकार राय, अरविंद प्रसाद सिंह, सहित तमाम अतिथियों ने कार्यक्रम को सराहा। विधायक श्री राय ने गंगा महाआरती उपरांत जुटे श्रद्धालुओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि लोक आस्था के महापर्व छठ पूजा से पवित्रता, स्वच्छता और प्रकृति की पूजा से समाज में जो एक सुखद अनुभूति होती हैं, उससे हमारी लोक आस्था और संस्कृति की परंपरा मजबूत होती हैं। इस तरह से ग्रामीण क्षेत्र में भव्य आयोजन काफी सराहनीय है। अयोजन समिति के संयोजक विपिन मिश्रा एवं अन्य ने आगत अतिथियों का अंग वस्त्र और फूल माला भेंट कर स्वागत किया।इस मौके पर बड़ी संख्या में गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## अंग्रेजी शराब,मोबाइल, चार चक्के वाहन के जप्त कर 2 शराब धंधेवाज को गिरफ्तार कर भेजा जेल

**दैनिक खोज खबर/सोनपुर।** पुलिस अधीक्षक, सारण के निर्देशन में सारण पुलिस द्वारा जिले में अवैध शराब / मादक पदार्थ का सेवन, निर्माण, विक्री, भण्डारण, परिवहन, शराब तस्करों एवं शराब कारोबारियों के विरूद्ध कड़ी कार्रवाई हेतु विशेष छपामारी अभियान चलाया जा रहा है ।इसी कड़ी मे सोनपुर थानान्तर्गत एन एच 19 शिवबच्चन चौक चेक पोस्ट के पास से सोनपुर पुलिस ने खडेड़ कर अंग्रेजी शराब व एक वाहन को जप्त करते हुए 2 कारोबारी को गिरफ्तार कर लिया। उक्त बात के जनकारी देते हुए थानाध्यक्ष राजनंदन ने गुरूवार को बताया कि सोनपुर पुलिस को गुप्त सूचना प्राप्त हुई कि 01 चार पहिया वाहन में अवैध शराब छिपा कर सोनपुर थाना क्षेत्र से परिवहन करते हुए हाजीपुर की ओर जाने वाला है। उक्त सूचना पर त्वरित कार्रवाई करते हुए बाकरपुर के कुशवाहा चौक के पास सघन वाहन चेकिंग प्रारंभ किया ।वाहन चेकिंग के क्रम में उक्त चार पहिया वाहन पुलिस बल को देखकर भागने लगा जिसे सोनपुर पुलिस टीम द्वारा पीछा कर शिवबच्चन चौक चेक पोस्ट पर बुधवार को पकड़ लिया गया।जप्त किये गए एक वाहन से 49 कार्टून मे विभिन्न ब्रांड कुल- 400.14 ली0 विदेशी शराब के साथ 02 शराब अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया। मौके पर 01 चार पहिया वाहन, 3 मोबाइल को जप्त किया गया। गिरफ्तार 02 अभियुक्त जिसका नाम। शिव कुमार, पिता दिनेश राय, 2. अजय कुमार, पिता मोहन राय, दोनों साकिन- बिदुपुर, थाना- बिदुपुर, जिला- वैशाली को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया।गिरफ्तार अभियुक्त का आपराधिक इतिहास :- गंगाब्रिज थाना मे शराब बिक्री करने के आरोप मे आरोपित है। छपामारी टीम में शामिल पु0नि0 राजनंदन थानाध्यक्ष सोनपुर थाना, पु0अ0नि0 कुंदन कुमार, सि0/38 राजीव कुमार राउत, सि0/967 ब्रजेश कुमार, सि0/89 निखिल कुमार सहित सोनपुर थाना के अन्य पुलिस कर्मी शामिल रहे।

# अंवारी पैक्स में मतदान केंद्र बदला, नाराज ग्रामीणों ने डीएम से लगाई गुहार

**दैनिक खोज खबर/मढ़ौरा(सारण)।** प्रखंड के अंवारी पैक्स चुनाव में मतदान केन्द्र बदलने से लोगों में नाराजगी है। इसको लेकर पंचायत के लोगों ने सारण डीएम को आवेदन देकर नये परिवर्तित मतदान केंद्र को रद्द करने और पूर्व के मतदान केन्द्र बनाए रखने की मांग की हैं। ग्रामीणों के साथ नाराज दर्जनों पैक्स सद्स्यों ने डीएम को दिए आवेदन में कहा है की वर्तमान पैक्स अध्यक्ष के घर से 200 मीटर की परिधि में ही परिवर्तित कर नया मतदान केन्द्र बना दिया गया है। यह नियमसंगत भी नहीं है, स्थानीय पैक्स अधिकारियों से निवर्तमान पैक्स अध्यक्ष ने मिलीभगत कर व्यक्तिगत लाभ के लिए साजिसन ऐसा करा लिया है। इसे तत्काल रद्द कर पूर्व कि भांति पंचायत की मध्य केंद्र में स्थित अंवारी गांव के मतदान केंद्र पर ही रखा जाए। ऐसा होने से लोगों को मतदान के दिन वोटर को सहूलियत होगी। जिला अधिकारी को आवदेन में एक अन्य विंदु पर भी ध्यान आकृष्ट कराया गया है। बताया गया है कि नया परिवर्तित मतदान केंद्र सुविधाविहीन है। यह पंचायत के अंतिम एक छोर पर स्थित है। जहां जाना लोगों के लिए असुविधाजनक होगा। आवेदन की प्रतिलिपि जिला सहकारिता पदाधिकारी, मढ़ौरा बीडीओ एवं बिहार पैक्स चुनाव प्राधिकार आयोग को भी भेज कर बनाए गए नए बुथ को बदलने की मांग की गई है। आवेदन पर भागवत प्रसाद सिंह, सोनालाल, अजय मिश्र, रामायण मिश्र, रविंद्र साह, उपेंद्र उपाध्याय, जमादार भारती, संजय भारती समेत दर्जनों ग्रामीणों ने अपने हस्ताक्षर किए हैं।

**बीडीओ ने कहा-**

अंवारी पैक्स का मतदान केन्द्र नियमानुसार पैक्स गोदाम में बनाया गया है। इसको लेकर ग्रमीणों के तरफ से कोई भी दावा आपत्ति पूर्व में निर्धारित 30 नवम्बर तक नही दी गई है। चुनाव को लेकर मतदान केन्द्र सहित अन्य तथ्यों की जानकारी जिला को भेजी जा चूकी है। ग्रामीणों को मतदान केन्द्र के परिवर्तन की शिकायत थी तो इसका निर्धारित तिथि तक दावा आपत्ति दिया जाना चाहिए था। मतदान प्रक्रिया को लेकर कहा कि प्रशासनिक तौर पर मतदान केन्द्र पर मजबूत व्यवस्था रहेगी। किसी व्यक्ति का मतहरण के प्रयास को नही चलने दिया जाएगा। -

**सुधीर कुमार, बीडीओ मढ़ौरा सह निर्वाची पदाधिकारी पैक्स**

## मशरक में अलग अलग सड़क दुघर्टना में आधा दर्जन घायलों में दो रेफर

**दैनिक खोज खबर/मशरक (सारण)।** मशरक के अलग-अलग गांवों में सड़क दुघर्टना में आधा दर्जन घायलों में दो को सदर अस्पताल छपरा रेफर कर दिया गया। पहली घटना में एस एच 73 पर मुन्नी मोड़ पर बाइक दुर्घटना में बड़हिया टोला गांव निवासी नरेन्द्र सिंह काका के 40 वर्षीय पुत्र आलोक कुमार सिंह उर्फ पिंटू घायल हो गए। इलाज के लिए सीएचसी मशरक में भर्ती कराया गया जहां छपरा पूर्व विधायक रणधीर सिंह ने पहुंच हाल चाल जाना। दूसरी घटना में मशरक मलमलिया के बीच बाइक सवार को बचाने के दौरान दो कार की आगे पीछे टक्कर में तरैया थाना क्षेत्र के शहनवाजपुर गांव निवासी रफीक अहमद का 23 वर्षीय पुत्र परवेज आलम और अब्दुल मन्नान का 30 वर्षीय पुत्र सद्दाम हुसैन घायल हो गए। बताया गया कि वे गोपालगंज में शादी समारोह में शामिल होने गये थें वहीं से वापस लौट रहे थे कि दुर्घटना हो गई। वहीं तीसरी घटना में बनियापुर थाना क्षेत्र के हरपुरकराह गांव निवासी स्व जगन्नाथ साह का 80 वर्षीय पुत्र विक्रमा साह को बाइक की टक्कर में घायल हालत में इलाज के लिए 112 की टीम ने सीएचसी मशरक में भर्ती कराया। घायल वृद्ध अपने रिश्तेदारी में आए थें और टहलते हुए दक्षिण टोला गांव की तरफ चलें गये जहा अनियंत्रित बाइक सवार ने टक्कर मार दी। वहीं सीएचसी मशरक में ड्यूटी पर तैनात चिकित्सक डॉ अनंत नारायण कश्यप ने दो को सदर अस्पताल छपरा रेफर कर दिया।

## पैक्स अध्यक्ष ने छठ पूजा सामग्री का किया वितरण

**दैनिक खोज खबर/सारण( मकेर)।** प्रखंड के तारा अमनौर पैक्स अध्यक्ष ने छठ पूजा को लेकर छठ व्रतियों के बीच एक हजार साड़ी, दो हजार नारियल एवम अन्य सामग्री का वितरण किया । पैक्स अध्यक्ष चंदन कुमार ने बताया कि हर साल की तरह इस वर्ष भी छठ पूजा को लेकर पूजा सामग्री का वितरण किया है। लोक आस्था के महापर्व में जरूरतमंदों के बीच सामग्री वितरण से सुखद अनुभूति प्राप्त होती है। वितरण के अवसर पर रमेश राय, अरुण राय विनय कुमार ,प्रमोद मांझी ,सरवन कुमार ,भोला राय ,राजू राय उमेश राय राजा बाबू, सुबेश कुमार सियाराम राय सहित अन्य लोग उपस्थित थे।



## गंगा महाआरती कर गंगा को अविरल और निर्मल बनाने के संदेश दिया

**दैनिक खोज खबर/ बनियापुर (सारण)।** लोक आस्था के महाव्रत छठ को लेकर आज उदयमान सूर्य को अर्घ्य देने के साथ इस महा वर्त को श्रद्धालुओ ने पूरा कर लिया।

शहर से लेकर ग्रामीण इलाकों तक घाटों को आकर्षक ढंग से सजाया गया था। सारण जिला के बनियापुर के कराह गण्डकी नदी तट पर वाराणसी के बटुकों के द्वारा गंगा महाआरती कर गंगा को अविरल और निर्मल बनाने के संदेश दिया। यह मनमोहक दृश्य सारण जिले केग्रामीण की है, जहां घाट पर व्रती उदयीमान सूर्य को अर्घ्य अर्पित कर चार दिवसीय महानुष्ठान को पूरा किया, जिसे लेकर भक्ति का माहौल बना रहा।

## जय गुरुदेव के याद में प्रांतीय कार्यकारिणी सदस्यों के सोनपुर मे हुई बैठक

**दैनिक खोज खबर/सोनपुर।** जय गुरुदेव के याद में प्रांतीय कार्यकारिणी का बैठक सोनपुर मेला ग्राउंड स्थित डॉक्टर अशोक कुमार सिंह के आवास पर जय गुरुदेव महाराज के आध्यात्मिक उत्तराधिकारी उज्जैन के बाबा उमाकांत जी महाराज की दिशा निर्देश पर पटना, हाजीपुर, वैशाली,छपरा दिघवारा, सोनपुर सहित अन्य जगहों से जय गुरुदेव के शिस्यो ने सोनपुर पहुंचकर सत्संग कार्यक्रम का आयोजन मे भाग लिया। जिसमें काफी संख्या में जय गुरुदेव से जुड़े सत्संग प्रेमी ने प्रवचन को सुना। इस सत्संग में हाजीपुर के रामेश्वर पांडये ,हाजीपुर लाल बहादुर शास्त्री और महिम नारायण सिंह, अनिल कुमार सिंह, दीपक कुमार सिंह पटना से सतीश कुमार, सोनपुर से संतोष सिंह ने उपस्थित सत्संग प्रेमियों को मानव जीवन के उद्देश्यों के विषय मे विस्तार से जानकारी दी ।

## बाल श्रम रोकने को ले मंदिर-मस्जिद सहित सार्वजनिक स्थानों पर लगाया जाएगा सूचना पट्ट

**सिवान।** बाल श्रम पर अंकुश लगाने के लिए सभी मंदिर, मस्जिद, अस्पताल व अन्य सार्वजनिक स्थानों पर सूचना पट्ट लगाया जाएगा। सूचना पट्ट पर बाल श्रम संबंधित कानून और विभाग के पदाधिकारियों नाम के साथ मोबाइल नंबर प्रदर्शित किया जाएगा ताकि बाल श्रम के संदिग्ध मामलों की सूचना अधिकारियों को दी जा सके। वहीं बाल श्रम के खतरों के बारे में लोगों को शिक्षित करते हुए विस्तृत जानकारी देने के लिए ग्रामीण इलाकों में विशेष जागरुकता अभियान चलाया जाएगा। साथ ही डोर-टू-डोर अभियान भी चलेगा। इसको लेकर श्रम संसाधन विभाग द्वारा कार्ययोजना भी बना ली गई है। इसमें सरकार के अन्य विभागों की भी मदद ली जाएगी। जिला श्रम विभाग कार्यालय से मिली जानकारी के अनुसार विशेषकर पंचायतों में स्थित महत्वपूर्ण जगहों यथा विद्यालय, मंदिर, मस्जिद, स्वास्थ्य संस्थान सहित पंचायत भवन आदि जगहों पर सूचना पट्ट लगाया जाएगा। इसके लिए एक समिति गठित की जाएगी। यह समिति ही घर-घर जाकर लोगों से संपर्क स्थापित करेगी और बाल श्रम के बारे में जानकारी देगी।

# आईटीबीपी में डीआईजी माधवेन्द्र सिंह ऊर्फ मोनू सिंह की असामयिक निधन, शोक

## सांसद राजीव प्रताप रूडी ने शोक संतप्त परिवार के प्रति जताई गहरी संवेदना

**दैनिक खोज खबर/छपरा।** सांसद राजीव प्रताप रूडी के करीबी ई.सत्येन्द्र सिंह के छोटे भाई आईटीबीपी में डीआईजी माधवेन्द्र सिंह ऊर्फ मोनू सिंह की हृदयाघात से असामयिक निधन हो गया। निधन की खबर से मर्माहत स्थानीय सांसद राजीव प्रताप रूडी ने अपनी गहरी संवेदना प्रकट करते हुए कहा कि ईश्वर इस विपदा की घड़ी में परिजनों को संबल प्रदान करे। शुक्रवार को पार्थिव शरीर का जिले के रिवीलगंज घाट पर दाह संस्कार हुआ।बताया जा रहा है कि चंढ़ीगढ़ मे कार्यरत आईटीबीपी अधिकारी की अचानक हृदय गति रुकने से मौत हो गई। जिसकी सूचना मिलते ही घर परिवार में मातम छा गया। दिवंगत का पार्थिव शरीर विमान से पटना पंहुचा, जहां से घर लें जाने के क्रम मे सोनपुर विधानसभा की सीतलपुर बाईपास पीरगंज चौक पर भाजपा प्रदेश कार्य समिति सदस्य राकेश सिंह के नेतृत्व मे सैकड़ो लोगों ने उनके पार्थिव शरीर पर पुष्प अर्पित कर विन्रम श्रृद्धांजलि दी। वही श्री सिंह ने कहा की यह बहुत दु:खद घटना है। हमलोगो ने देश का एक वीर सैनिक खो दिया।उपस्थित लोगो ने वीर माधवेन्द्र अमर रहे के नारे लगा कर विदाई दी।इस अवसर पर मुखिया प्रतिनिधि ओमप्रकाश सिंह, भाजपा नेता उदय सिंह मंडल अध्यक्ष रामानंद सिंह मंडल अध्यक्ष भूलन जी, भाजपा नेता महेन्द्र सिंह, मुखिया किशोर सिंह, पूर्व मुखिया हरी सहनी, बबलू सिंह, विनय शर्मा, मिथलेश मांझी, मोनू सिंह सुमंत बाबा, मनोज ठाकुर, प्रमोद सिंह कृष्णकांत सिंह, कुणाल बाबा, मुन्ना सिंह, बुलबुल जीतेन्द्र गिरी सहित अनेक लोग उपस्थित थे। पूर्व केंद्रीय मंत्री सह सांसद राजीव प्रताप रूडी, जदयू रास्ट्रीय अध्यक्ष संजय झा और विधायक मंटू सिंह ने भी ई. सत्येन्द्र सिंह से बात कर सांत्वना दिया और उनके प्रति गहरी संवेदना प्रकट की।



## ग्रामीण बैंक शाखा प्रबंधक ने पूर्व प्रबंधक सहित तीन पर लगाया राशि गबन का आरोप

**सिवान।** भगवानपुर हाट प्रखंड के मलमलिया स्थित उत्तर बिहार ग्रामीण बैंक के शाखा से 10.60 लाख रुपये की धोखाधड़ी की प्राथमिकी वर्तमान शाखा प्रबंधक चंद्रशेखर के आवेदन पर बुधवार को थाना में की गई है। मामला वर्ष 2022 से 2023 के बीच का है। इसमें शाखा प्रबंधक ने बैंक के दो तत्कालीन शाखा प्रबंधक शेखर सुमन व मनोहर कुमार तथा वर्तमान कार्यालय सहायक सुशील लकड़ा को आरोपित किया है। अपने आवेदन में उन्होंने कहा है कि उत्तर बिहार ग्रामीण बैंक के क्षेत्रीय कार्यालय सिवान के आदेश पर यह प्राथमिकी की गई है। उन्होंने कहा है कि तत्कालीन शाखा प्रबंधक शेखर सुमन वर्तमान में उत्तर बिहार ग्रामीण बैंक क्षेत्रीय कार्यालय गोपालगंज में पदस्थापित हैं जबकि मनोहर कुमार वर्तमान में उत्तर बिहार ग्रामीण बैंक शाखा गोपालपुर-1 लकड़ी नबीगंज में शाखा प्रबंधक के पद पर कार्यरत हैं। वहीं सुशील लकड़ा वर्तमान में उत्तर बिहार ग्रामीण बैंक शाखा मलमलिया मोड़ में कार्यालय सहायक के पद पर कार्यरत हैं। इन सबके द्वारा मिलीभगत कर शाखा मलमलिया मोड़ से राशि 18.60 लाख रुपये की धोखाधड़ी वर्ष 2022 से 2023 के बीच में की गई है, जिसमें तत्कालीन शाखा प्रबंधक शेखर सुमन द्वारा विभिन्न ग्राहक के खाताओं से 11.10 लाख रुपये की राशि अपने एसबीआई खाता एवं एक्सिस बैंक के खाता संख्या में नेफ्ट किया गया है एवं 7.50 लाख रुपये ग्राहक के हस्ताक्षर से बिना निकासी फार्म भरे ही निकासी की गई है।

## प्रधानमंत्री ग्रामीण तैराकी प्रतियोगिता शनिवार से, मुख्य अतिथि होंगी जानी मानी भोजपुरी गायिका अनुपमा यादव

### अमनौर स्थित पर्यटक स्थल बड़ा पोखरा अमृत सरोवर पर होगा आयोजन

### दूसरी बार आयोजित दो दिवसीय प्रतियोगिता में 5000 से अधिक प्रतिभागी होंगे शामिल

**दैनिक खोज खबर/छपरा ।** ग्रामीण क्षेत्रों की तैराकी प्रतिभाओं को निखारने और उनको प्रतिस्पर्धा के लिए उचित मंच दिलाने के उदेश्य से प्रधानमंत्री ग्रामीण तैराकी प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। अमनौर स्थित पर्यटक स्थल बड़ा पोखरा में शनिवार को इसका आयोजन पूर्व केंद्रीय मंत्री और सारण के सांसद राजीव प्रताप रुडी द्वारा किया जा रहा है। इस संदर्भ में सांसद ने बताया कि प्रधानमंत्री की महत्वाकांक्षी योजनाओं में तमाम भारतीयों को स्वस्थ्य और सबल बनाने के उद्देश्य से खेलो इंडिया की परियोजना भी जारी है। इसके अंतर्गत परंपरागत खेलों के अलावा गाँव-गाँव में खेले जाने वाले खेलों को भी शामिल किया गया है। खेल से न केवल स्वास्थ्य सबल और सुदृढ़ होता है बल्कि मन को भी शांति मिलती है, यानी मानसिक और शारीरिक दोनों लाभ खेलने कूदने से होते हैं। जन-जन को इस लाभ से अवगत कराने के उदेश्य से खेलो इंडिया अभियान के तहत ही सारण में भी ग्रामीण स्तर पर खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है।सांसद श्री रुडी ने बताया कि 09 एवं 10 नवम्बर को आयोजित यह प्रतियोगिता अमनौर अमृत सरोवर पर होगी। बतौर मुख्य अतिथि जानी मानी भोजपुरी गायिका अनुपमा यादव आमंत्रित की गई है, जबकि भोजपुरी गायिका निशा उपाध्याय की भी विशिष्ट उपस्थिति रहेगी। इसके अलावा खेलों से जुड़े हुए खेल विशेषज्ञ और खिलाड़ियों को भी आमंत्रित किया गया है ताकि वे युवा खिलाड़ियों को न केवल स्वास्थ्य तक खेल को सीमित रख सकें बल्कि इसे अपना पैशन और कैरियर भी बना सके, इस तरीके से उनको उत्प्रेरित करने के लिए खेल स्टार की भी उपस्थिति होगी। पूर्व केंद्रीय मंत्री श्री रुडी ने बताया कि खेलो इंडिया के तहत बड़े स्तर पर प्रधानमंत्री ग्रामीण तैराकी प्रतियोगिता का आयोजन युवाओं में खेलकूद के प्रतिस्पर्धा को जागृत करेगी। प्रतिस्पर्धा में खेलकूद से जुड़ाव रखने वाले सारण संसदीय क्षेत्र सहित जिला के सभी वर्ग के युवा व युवतियां भाग लेकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर प्रतियोगिता में जीत दर्ज करायेंगे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ग्रामीण तैराकी प्रतियोगिता - ग्रामीण क्षेत्रों के लिए बिहार में पहली ऐसी प्रतियोगिता आयोजित हो रही है जिस में मछुआरे या नदी किनारे रहनेवाले, नदी-तालाब में तैरनेवाले हैं। यह शहरी स्विमिंग पुल नहीं है। प्रतियोगिता में 5000 से अधिक प्रतिभागी भाग लेंगे।

## अपहृत युवक की बरामदगी को आक्रोशित ग्रामीणों ने सड़क जाम कर किया प्रदर्शन

**सिवान।** रघुनाथपुर थाना क्षेत्र के फुलवरिया गांव के एक युवक के अपहरण होने की सूचना पर ग्रामीण आक्रोशित हो गए और शुक्रवार को फुलवरिया मोड़ के समीप रघुनाथपुर-आंदर मुख्य सड़क को जाम कर प्रदर्शन शुरू कर दिया। आक्रोशित अपहृत की बरामदगी तथा आरोपित की गिरफ्तारी की मांग कर रहे थे। सड़क जाम की सूचना पर मिलते ही थानाध्यक्ष विजय कुमार चौधरी घटना स्थल पर पहुंचे और ग्रामीणों को समझा-बुझाकर जाम हटाया। अपहृत फुलवरिया निवासी दाल सिंगार यादव का पुत्र सुधीर यादव यादव है। बताया जाता है कि सुधीर यादव पांच नवंबर की शाम किसी व्यक्ति से मिलकर घर लौट रहा था तभी नहर के समीप उसका अपहरण कर लिया गया। जब देर रात तक घर नहीं लौटा तो स्वजनों को चिंता हुई। स्वजन उसकी खोजबीन करने लगे, लेकिन उसका कहीं पता नहीं चला। अपहृत युवक की बरामदगी नहीं होने से नाराज ग्रामीणों ने शुक्रवार को फुलवरिया मोड़ के समीप रघुनाथपुर-आंदर मुख्य पथ जाम कर दिया तथा अपहृत की बरामदगी तथा आरोपित की गिरफ्तारी की मांग शुरू कर दी। सड़क जाम पूर्वाह्न नौ बजे से दोपहर 12 बजे तक रहने से लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ता।

## छठ महापर्व के साथ स्वर कोकिला की यादें रहेंगी जीवित

**सिवान।** बिहार की स्वर कोकिला, लोक गायिका, पद्मभूषण शारदा सिन्हा के निधन पर जिले में शोक की लहर है। विभिन्न सामाजिक संगठनों द्वारा इनके निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया गया है। साथ ही इसे देश सहित प्रदेश के लिए अपूर्णिय क्षति बताया है। आराध्या चित्रकला के कलाकारों द्वारा उनकी पेंटिंग बनाकर शहर के शिवव्रत साह घाट पर विनम्र श्रद्धांजलि दी गई। इस दौरान वक्ताओं ने कहा कि बिहार की संस्कृति की पहचान, जिनके आवाज के बिना छठ पर्व, शादी विवाह सब अधूरा होता है। उस स्वर की देवी को शादरा सिन्हा को छठी मइया ने अपने पास बुला लिया है। यह एक संयोग ही है कि छठ गीत का पर्याय रही शारदा सिन्हा लोक आस्था और सूर्योपासना के महापर्व छठ व्रत के पहले ही दिन स्वर्ग सिधार गई। कहा कि उनका अचानक हमलोगों के बीच से चले जाना बहुत ही पीड़ादायक है। जबतक इस धरती पर छठ महापर्व होता रहेगा, शारदा सिन्हा जीवित रहेंगी। वो अपनी गायकी से अमर हो चुकी हैं। मौके पर चित्रकार रजनीश कुमार, राजकुमार सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

## इंटर व मैट्रिक परीक्षा के लिए रजिस्ट्रेशन में त्रुटि सुधार कल तक

परवेज अख्तर/सिवान।इंटर व मैट्रिक परीक्षा के लिए डमी रजिस्ट्रेशन कार्ड में अंकित विवरणी में यदि कोई त्रुटि है तो 10 नवंबर तक इसमें सुधार किया जा सकता है। इसको लेकर बिहार विद्यालय परीक्षा समिति द्वारा निर्देश जारी किया गया है। शिक्षण संस्थान के प्रधान इंटरमीडिएट के विद्यार्थियों की वेबसाइट पर डमी रजिस्ट्रेशन कार्ड में त्रुटि सुधार कर सकते हैं। इसके अलावा मैट्रिक के विद्यार्थियों का भी डमी रजिस्ट्रेशन कार्ड में त्रुटि सुधार किया जा सकता है। जानकारी के अनुसार डमी रजिस्ट्रेशन कार्ड में विद्यार्थियों के नाम या उनके माता-पिता के नाम में मात्र लघु स्पेलिंग की त्रुटि अथवा उनके फोटो, जन्म तिथि, जाति, धर्म, राष्ट्रीयता, लिंग, विषय आदि से संबंधित त्रुटि का ही सुधार किया जाएगा। इस प्रक्रिया में किसी भी तरह की असुविधा होने पर इंटरमीडिएट के लिए हेल्पलाइन नंबर 0612-2230039 एवं मैट्रिक के लिए हेल्पलाइन नंबर 0612-2232074 पर सूचित कर समस्या का समाधान प्राप्त किया जा सकता है।

## 30 कार्टन शराब के साथ एक गिरफ्तार

सिवान। मुफस्सिल थाना क्षेत्र के टडवां गांव के समीप से सात नवंबर को उत्पाद विभाग की टीम ने विशेष छापेमारी कर एक बोलेरो से 30 कार्टन शराब को बरामद की और एक तस्कर को गिरफ्तार कर लिया। इस मामले में प्रभारी उत्पाद अधीक्षक सह इंस्पेक्टर अंकेश राज ने बताया कि जिलाधिकारी मुकुल कुमार गुप्ता के निर्देश पर सीमावर्ती क्षेत्र बिहार व यूपी के बार्डर पर विशेष छापेमारी की गई। इस दौरान वाहनों की जांच की गई। जांच के दौरान मुफस्सिल थाना क्षेत्र के टडवां गांव के समीप से एक बोलेरो को जब्त किया गया। बोलेरो की तलाशी के दौरान उसमें 30 कार्टन शराब बरामद की गई। जबकि एक तस्कर को गिरफ्तार किया गया, गिरफ्तार नौतन थाना क्षेत्र के हथौजी निवासी रमेश यादव है।

## प्रशासनिक अधिकारी छठ घाटों का करते रहे भ्रमण, शिविर लगाकर की गई व्रतियों की सेवा

**सिवान।** जिले में छठ पूजा को लेकर विभिन्न छठ घाटों पर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम दिखे। सुरक्षा व्यवस्था को कायम रखने के लिए प्रतिनियुक्त प्रशासनिक अधिकारी एवं पुलिस बल तैनात दिखे। एक तरफ जहां डीसीएलआर सह प्रभारी डीआरडीए निदेशक शहबाज खान, सदर एसडीओ सुनील कुमार, एसडीपीओ अजय कुमार सिंह सहित अन्य पदाधिकारीगण जिला प्रशासनिक शिविर में अपने दायित्वों का निर्वहन कर रहे थे। वहीं यातायात इंस्पेक्टर व एसआई विनायक राम दल बल के साथ लगातार छठ घाटों का भ्रमण करते रहे। पर्व के दौरान किसी तरह की अप्रिय घटना शहर में ना हो इसके लिए जिला प्रशासन की ओर से हर घाट और चौक-चौराहे के लिए एक हजार से अधिक जवानों की तैनाती की गई थी। तालाब में भक्तों को परेशानी ना हो इसके लिए जवानों की ओर से लोगों को दिशा निर्देश दिए जा रहे थे। गुरुवार की दोपहर से शुक्रवार की सुबह तक शहर के दाहा नदी पुल से दो-पहिया, तीन पहिया समेत अन्य वाहनों के प्रवेश पर रोक लगा दी गई थी। वहीं दूसरी ओर शहर के पुलवा घाट पर पूर्व विधानसभा अध्यक्ष सह सदर विधायक अवध बिहारी चौधरी की देखरेख में सहायता शिविर लगाया गया। इस दौरान शिविर के माध्यम से छठ व्रतियों को अर्घ्य के लिए गाय का दूध, दातून व चाय का वितरण किया गया। शिविर में राजद नगर अध्यक्ष ई. रमेश कुमार, मुजफ्फर इमाम, भगवानजी दुबे, बाबुद्दीन आजाद, उपेंद्र यादव, मुरारी प्रसाद सहित अन्य लोग उपस्थित थे। वहीं जनसुराज द्वारा जिलाध्यक्ष इंतखाब अहमद के नेतृत्व में शिविर लगाकर सामाजिक समरसता की मिशाल पेश की गई। इस दौरान जिला मुख्यालय स्थित छठ घाटों पर छठव्रतियों की सेवा की गई।

## मंडल रेल प्रबंधक ने जंक्शन का किया निरीक्षण

**सिवान।** छठ स्पेशल गाड़ियों के निर्बाध संचालन हेतु मंडल रेल प्रबंधक वाराणसी विनीत कुमार श्रीवास्तव ने सात नवंबर को वाराणसी-छपरा, छपरा-सिवान, सिवान-भटनी रेल खंड का विंडो ट्रेलिंग संरक्षा निरीक्षण व जंक्शन का निरीक्षण किया। उन्होंने सिवान जंक्शन पर छठ यात्रियों के प्रबंधन हेतु किए गए सभी व्यवस्थाओं का गहन निरीक्षण किया। अपने निरीक्षण के दौरान उन्होंने यात्रियों के लिए बनाए गए होल्डिंग एरिया (यात्री विश्रामालय), छठ पूजा के लिए बने नियंत्रण कक्ष, सीसी टीवी मानिटरिंग रूम, भीड़ प्रबंधन हेतु बैरिकेडिंग, सूचना बोर्ड, प्लेटफार्म क्लियरेंस, फुट ओवर ब्रिज, सर्कुलेटिंग एरिया, प्रवेश एवं निकास मार्ग, अस्थाई यात्री प्रतीक्षालय, अतिरिक्त आरक्षित/अनारक्षित टिकट काउंटर, अग्निशमन उपकरण, स्टेशन की साफ-सफाई, वाटर बूथों पर पेय जल की उपलब्धता एवं पे एंड यूज शौचालय तथा स्टेशन पर यात्रियों की सुरक्षा से जुड़े सभी व्यवस्थाओं का गहन निरीक्षण किया और संबंधित को दिशा निर्देश दिया। जंक्शन से गुजरने वाली छठ स्पेशल गाड़ियों एवं छठ पर्व के दौरान सिवान से यात्रा करने वाले यात्रियों का ब्यौरा लिया। बताया कि छठ यात्रियों की सुविधा हेतु पर्याप्त संख्या में स्पेशल ट्रेनें चलाई गई हैं। यात्रा टिकट प्राप्त करने में दिक्कत ना हो इसके लिए सिवान, छपरा समेत प्रमुख मेला स्टेशनों पर आवश्यकतानुसार अतिरिक्त टिकट काउंटर एवं एटीवीएम के लिए अतिरिक्त फैसिलिटेटर का प्रावधान किया गया है। जहरखुरानी की घटनाएं ना हो, इसके लिए ट्रेनों की निगरानी की जा रही है और ऐसे मामलों पर नियंत्रण के लिए विशेष सतर्कता बरती जा रही है। पैदल उपरिगामी पुल, आगमन एवं प्रस्थान द्वार, बुकिंग विंडो पर लाइन लगवाने तथा प्लेटफार्मों पर भीड़ को नियंत्रित करने हेतु पर्याप्त संख्या में रेलवे सुरक्षा बल के जवान तैनात किये गये हैं। इस अवसर पर सहायक मंडल सिगनल व दूरसंचार इंजीनियर अशोक कुमार, सहायक सुरक्षा आयुक्त रेलवे सुरक्षा बल मुकेश पवार, मंडल यांत्रिक इंजीनियर(ट्रेन सेट) अभिषेक कुमार, वरिष्ठ पर्यवेक्षक, वाराणसी मंडल के जनसंपर्क पदाधिकारी अशोक कुमार आदि उपस्थित थे।

## मखदुमगंज कनुनिया घाट पर एक विक्षिप्त बालिका को लोगों ने डायल 112 पुलिस टीम को सौंपी

**दैनिक खोज खबर/डोरीगंज (सारण)।** छपरा मुफ्फसिल थानाक्षेत्र के मखदुमगंज कनुनिया घाट पर एक विक्षिप्त बालिका मिली, जिसकी उम्र लगभग 13 वर्ष के आसपास था। वह कुछ बोल नहीं रही थी ।इस संबंध मे ग्रामीणो ने बताया कि आज सुबह जब लोग छठ पूजा के दूसरे अर्घ्य की तैयारी कर रहे थे, तभी कुछ ग्रामीणों की नजर नदी के पानी में घंटों समय से खड़ी एक बालिका पर पड़ी। जो किसी से कुछ भी नहीं बोल पा रही थी। लोगों के पूछताछ के काफी प्रयास के बाद भी उसने कुछ नहीं बताया। लिहाजा उस बालिका की पहचान नहीं हो पाई गांव के वार्ड प्रतिनिधि विजय कुमार राय ने तुरंत मुफ्फसिल थाना और जिला बाल संरक्षण पदाधिकारी को सूचना दी। जिसके बाद डायल 112 की पुलिस टीम मौके पर पहुंची और विक्षिप्त बालिका को अपने साथ ले गई।

## इंस्पेक्टर सुदर्शन राम को डीआइजी ने किया निलंबित

**परवेज अख्तर/सिवान।** पूर्व नगर थानाध्यक्ष सह इंस्पेक्टर सुदर्शन राम को सारण डीआइजी नीलेश कुमार ने सस्पेंड कर दिया है। डीआइजी द्वारा इससे संबंधित पत्र भी निर्गत कर दिया गया है। इस मामले में डीआइजी ने बताया कि इंस्पेक्टर सुदर्शन राम पर दर्जनों शिकायत थीं,इसकी जांच की गई। जांच रिपोर्ट आने के बाद कार्रवाई की गई है। इंस्पेक्टर सुदर्शन राम पर विभागीय कार्रवाई भी की गई है। बता दें कि इंस्पेक्टर सुदर्शन राम को 17 अक्टूबर को नगर थाना से पुलिस लाइन स्थानांतरण कर दिया गया था। इसके बाद 19 अक्टूबर को सुदर्शन राम को एएलटीएफ का प्रभारी बनाया गया था। इसके बाद पुनः उन्हें पुलिस लाइन में योगदान देने को कहा गया। इसी बीच विभागीय जांच पूरी होने के बाद निलंबित कर दिया गया।

## चोरी की मोबाइल के साथ एक गिरफ्तार

**सिवान।** आरपीएफ ने एक युवक को चोरी की मोबाइल के साथ गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार युवक घुनाथपुर थाना क्षेत्र के आदमापुर निवासी फिरोज अंसारी है। मामले में उप निरीक्षक संजय कुमार पांडेय ने बताया कि बुधवार को निगरानी के दौरान एक युवक को जंक्शन के प्लेटफार्म संख्या एक पर टीटीई कार्यालय के सामने से रेल यात्री वैशाली जिला के महुआ थाना क्षेत्र के विशुनपुर निवासी अमृत कुमार से चोरी किए गए एक मोबाइल के साथ एक युवक गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार युवक को आगे की कार्रवाई हेतु जीआरपी के सिपुर्द किया गया। गिरफ्तार युवक जंक्शन व ट्रेन में यात्रियों की कीमती सामानों को चोरी करता है।

## जंक्शन पर बनाया गया होल्डिंग एरिया

**सिवान।** छठ यात्रियों की सुविधा और भीड़ के प्रबंधन हेतु सिवान जंक्शन पर छठ यात्रियों के लिए होल्डिंग एरिया का निर्माण किया गया है। वाराणसी मंडल के जनसंपर्क अधिकारी अशोक कुमार ने बताया कि पूर्वोत्तर रेलवे द्वारा छठ महापर्व पर यात्रियों की अतिरिक्त भीड़ को देखते हुए किसी प्रकार की चूक न हो इसके लिए स्टेशनों पर रेल सुरक्षा बल निरंतर चौकसी बरत रहे हैं। अतिरिक्त सतर्कता बरतते हुए कुछ प्रमुख स्टेशनों पर श्वान दस्ता के साथ रेल सुरक्षा बल की तैनाती की गई है। सिवान जंक्शन पर यात्रियों के लिए होल्डिंग एरिया बनाया गया है। इसमें पानी, बैठने एवं आराम करने तथा यात्री सुरक्षा की व्यवस्था सुनिश्चित की गई है। साथ ही ट्रेन के आवागमन की जानकारी सहज उपलब्ध हो सके इसके लिए स्टेशनों पर निरंतर उद्घोषणा की जा रही है। जंक्शन पर बनाया गया यह होल्डिंग एरिया छठ यात्रियों को उनकी यात्रा के दौरान सुविधा और आराम प्रदान कर रहा है।

## फसल काटने को लेकर दो पक्षों में मारपीट, आठ घायल

**सिवान।** मुफस्सिल थाना क्षेत्र के सरसर गांव में शुक्रवार को फसल काटने को लेकर दो पक्षों में मारपीट हो गई। इसमें एक पक्ष से आठ लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। सभी घायलों को इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया। घायलों की पहचान सरसर गांव निवासी नथुनी चौधरी के पुत्र संजय यादव, शरद यादव, रामजी यादव, राजेंद्र यादव, पवन कुमार, निर्भय कुमार, रवि रंजन यादव व तारकेश्वर यादव के रूप में हुई। घटना के संबंध में घायल संजय ने बताया कि हम लोगों की पुश्तैनी भूमि है। जिसे पट्टीदार द्वारा कब्जा करने की कोशिश की जाती है। इस मामले में कई बार स्थानीय स्तर पर पंचायत भी हुई लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई। परिवार के लोग दूसरे प्रदेश में नौकरी करते हैं। छठ पूजा में घर आए थे खेत में जो फसल लगी थी उसे काटने के लिए मजदूर को बुलाया गया था। लगभग 20 प्रतिशत फसल की कटाई हो गई थी। इसी बीच पड़ोसी कुछ दबंग को लेकर खेत में पहुंच गए और बिना किसी बात के मारपीट करने लगे।

## मंडल कारा में बंद 23 महिला-पुरूष बंदियों ने किया छठ व्रत

**सिवान।** मंडल कारा में बंद 23 महिला-पुरुष बंदियों ने लोक आस्था का महापर्व छठ किया। बंदियों ने छठ के पहले दिन अस्ताचलगामी तथा दूसरे दिन उदीयमान भगवान भास्कर को अर्घ्य देकर विधिवत पूजा अर्चना की। इससे पहले मंडल कारा में बने घाटों का पुरुष बंदियों तथा जेल प्रशासन द्वारा साफ-सफाई की गई थी। जेल प्रशासन द्वारा अनुष्ठान कर रहे बंदियों को फल, कलसूप तथा अन्य पूजन सामग्रियां भी उपलब्ध कराई गई। छठ व्रत करने वालों में 22 महिलाएं एवं एक पुरुष शामिल थे। इसको लेकर जेल प्रशासन द्वारा छठ पूजा से संबंधित सभी तरह की आवश्यक संसाधन की व्यवस्था बंदियों के लिए की थी। वहीं महिला और पुरुष दोनों बंदियों के लिए अलग-अलग छोटे-छोटे दो पोखरे का निर्माण कराया गया था। मंडल कारा अधीक्षक देवाशीष कुमार सिन्हा ने बताया कि 23 बंदियों ने छठ पूजा करने की बात कही थी। 22 महिलाएं एवं एक पुरुष बंदी नहाए खाए के साथ छठ पूजा के लिए छठ व्रत किया। इसके लिए जेल प्रशासन द्वारा सभी तरह की आवश्यक सामग्री की व्यवस्था की गई थी। अर्घ्य दिलाने के लिए पंडित की भी व्यवस्था था ताकि छठ व्रतियों को अर्घ्य समय से दिलाया जा सके।

## भूमि विवाद को लेकर मारपीट, चार घायल

**सिवान।** दारौंदा थाना क्षेत्र के झंझवा गांव में शुक्रवार को पूर्व के भूमि विवाद को लेकर दो पक्षों में मारपीट हो गई। इसमें एक पक्ष से चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। सभी घायलों को इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां सभी कि स्थिति गंभीर बनी हुई थी,घायलों में झाझवा गांव निवासी सत्येंद्र कुमार मिश्रा, रोहित मिश्रा, राहुल मिश्रा व रितेश मिश्रा शामिल हैं। घटना के संबंध में घायलों ने बताया कि छठ पूजा समापन के बाद सभी लोग घर के बाहर बैठकर प्रसाद खा रहे थे। इसी दौरान पट्टीदारों ने साजिश के तहत हमला कर दिया। काफी समय से भूमि को लेकर विवाद चल रहा है। दस दिन पूर्व सरकारी अमीन जमीन मापी के लिए आया था। पट्टीदारों ने डरा धमका कर उसे भगा दिया था। इसी बीच शुक्रवार की सुबह पट्टीदारों ने मारपीट कर घायल कर दिया।

## अज्ञात वाहन की चपेट में आने से युवक की मौत

**बड़हरिया(सिवान)।** थाना क्षेत्र के मथुरापुर मठिया के समीप ज्ञानी मोड़- सिवान मुख्य पथ पर छह नवंबर की शाम अज्ञात वाहन की चपेट में आने से बाइक सवार युवक की मौत हो गई थी। मृतक की पहचान मुफस्सिल थाना क्षेत्र के बलेथा निवासी दीपलाल महतो के पुत्र बलिंद्र महतो के रूप में हुई। बताया जाता है कि बलिंद्र महतो अपनी बहन के यहां छठ का सामान देकर अपने घर लौट रहा था तभी मथुरापुर मठिया के समीप ज्ञानी मोड़- सिवान मुख्य पथ पर अज्ञात से धक्का लगने से उसकी मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दी। वहीं ग्रामीण घटना घटना कारण कारण कुछ और बता रहे हैं। इस संबंध में थानाध्यक्ष रूपेश कुमार वर्मा ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही घटना के कारण की सही जानकारी हो पाएगी।

## भगवानपुरहाट : सराय पड़ौली में डीलर के घर बदमाशों ने की फायरिंग, खोखा व तीन बाइक बरामद

**परवेज अख्तर/ सिवान।** भगवानपुर हाट थाना क्षेत्र के सराय पड़ौली गांव के डीलर के घर छह नवंबर की शाम तीन बाइक पर सवार बदमाशों ने तीन राउंड हवाई फायरिंग की। इस घटना के बाद गांव में अफरातफरी मच गई। वहीं घटना के बाद जब तक आसपास के ग्रामीण एकत्रित होते बदमाश अपनी तीनों बाइक छोड़कर फरार हो गए। इस मामले में डीलर कृष्णा राय ने घटना की सूचना थाना को दी।

# सिवान : लोक आस्था का महापर्व छठ संपन्न

**परवेज अख्तर/सिवान।** नहाय खाय से शुरू हुए लोक आस्था व सूर्योपासना का महापर्व छठ उदीयमान सूर्य को अर्घ्य देने के साथ ही शुक्रवार को संपन्न हो गया।व्रतियों ने सूर्य को अर्घ्य देने के बाद अपने परिवार की खुशहाली की कामना की। छठ घाटों पर उत्सवी माहौल का नजारा रहा। श्रद्धा के महापर्व छठ के चौथे दिन कार्तिक शुक्ल सप्तमी की सुबह व्रतियों ने उदीयमान सूर्य को अर्घ्य दिया। 36 घंटे के निराधार व्रत के बाद व्रतियों ने प्रसाद ग्रहण किया और छठी मइया से मन की मुरादें मांगी। प्रातः काल बेला में व्रती महिलाओं ने उगते हुए सूर्य देव को अर्घ्य देने के बाद छठी मैया की विधिपूर्वक पूजा-अर्चना की और इसके बाद व्रत का पारण किया।गुरुवार को जिला मुख्यालय स्थित दाहा नदी पुलवा घाट, शिवव्रत साह घाट, श्रीनगर घाट, रेनुआ घाट, गांधी मैदान समीप स्थित तालाब, महादेवा स्थित छठ घाट सहित विभिन्न तालाबों, घर की छत पर जलकुंड बनाकर लोगों ने भगवान भास्कर को अर्घ्य प्रदान किया। शहर के दाहा नदी के तट पर व्रतियों की काफी भीड़ रही। शुक्रवार को भी लोग अहले सुबह से अर्घ्य देने के लिए घाटों पर पहुंचे थे। जैसे ही सूर्य की लालिमा नजर आई, व्रती नदी के पवित्र जल में अर्घ्य देने के लिए उतर पड़े। अर्घ्य देने के बाद लोगों ने पूजा-अर्चना की और अपने घरों की ओर लौट गए। सभी ने मंगलकामनाओं के साथ एक दूसरे को आशीर्वाद दिया। इसके पूर्व रविवार को अस्ताचलगामी भगवान भास्कर को अर्घ्य दिया गया। इस दौरान नदियों एवं तालाबों के किनारे आस्था का सैलाब उमड़ा तो सांप्रदायिक सौहार्द का वातावरण बन गया, आस्था के आगे जाति-धर्म का भेद भाग गया था। आर्थिक विषमता कहीं नहीं दिखी। इस दौरान पद-प्रतिष्ठा का गुमान गायब रहा। सभी छठी मइया की भक्ति में लीन रहे। नहाय-खाय से शुरू चार दिवसीय इस महापर्व के दौरान लगा कि हर कोई सात्विक हो गया है। अनुष्ठान के दौरान सभी सफाई के प्रति सजग रहे।

**पारंपरिक छठ गीतों से गुलजार रहे घाट :** सभी छठ घाटों पर उगअ ए सूरज देव, भइल अरघा के बेरिया, हे छठि मइया, तोहर महिमा अपरंपार, मारबौ रे सुगवा धनुष से, कांच हे बांस के बहंगिया, हम ना जाइब दोसर घाट सुनी हे छठी मइया, कहवा पइबो सोना के कटोरवा, जैसे छठ के पारंपरिक गीत लोगों के दिल को छू रहे थे। लोक आस्था के महापर्व छठव्रत को लेकर नहाय-खाय के साथ ही छठ के गीतों से नगर गूंजने लगा था। हर तरफ भगवान भास्कर व छठ मइया को समर्पित गीत गाए जा रहे थे। घरों में भी छठव्रतियों द्वारा छठ के पारंपरिक गीतों को गाया जा रहा था। इससे पूरा माहौल छठमय हो गया था।

**दुल्हन की तरह की गई थी छठ घाटों की सजावट :** छठ व्रत को लेकर गांव सहित शहर के सभी छठ घाट की सजावट दुल्हन की तरह हुई थी। छठव्रतियों व उनके परिजनों द्वारा छठ घाटों पर व्रत के लिए स्थान सुरक्षित करके उनकी बेहतर ढंग से साफ-सफाई कर सजावट की गई थी। इससे हर जगह सफाई व पवित्रता का माहौल देखने को मिला। छठ घाटों पर प्रकाश की काफी अच्छी व्यवस्था की गई थी। फूल माला के साथ तोरणद्वार बनाए गए थे, जो लोगों के बीच आकर्षण का केंद्र थे।

**घाटों पर दिखा सेल्फी का क्रेज :** सभी छठ घाटों पर पूजा से लेकर कोसी भराई की रस्म तक की सेल्फी लेकर अपने दोस्तों एवं संबंधियों के साथ स्टेटस आदान-प्रदान करने जुटे रहे। सबसे ज्यादा सेल्फी का क्रेज युवाओं में देखने को मिला। कमोबेश हर घाट पर युवाओं व युवतियों द्वारा सेल्फी लेने की होड़ देखी गई। वहीं फेसबुक, वाहट्सअप व इंस्टाग्राम पर बधाई देने का सिलसिला सोमवार की सुबह तक जारी रहा।